

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 एमआरएफ का चौथी-तिमाही में मुनाफा 7.6 प्रतिशत | सम्पादकीय ईडी को राजनीतिक विरोधियों पर लगे | डाबर बोला-भारत में बिकने वाले 5

वर्ष 10 अंक 347 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, शनिवार 04 मई 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8







# शहजादे को वायनाड से हार का डर : प्रधानमंत्री मोदी

आर.एन.एस.

**बर्धमान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर, कृष्णानगर और बोलपुर में सभा की। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जय मां दुर्गा, जय मां काली और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ की। पीएम मोदी अपनी स्पीच में मोदी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, संदेशखाली, राम मंदिर, राम नवमी, वोट जिहाद, कांग्रेस और राहुल गांधी के रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर बोले।



उन्होंने कहा- टीएमसी के एक विधायक कहते हैं, हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा बोल रहे हैं। बंगाल सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। प्रधानमंत्री बोले- संदेशखाली में दलित बहनों के साथ अत्याचार हो रहा था और यहां की सरकार आरोपी को बचाने में लगी हुई थी। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि उसका नाम शाहजहां शेख है।

पीएम ने कहा- विपक्ष के लोग दो फेज की वोटिंग के बाद मोदी के खिलाफ वोट जिहाद कर रहे हैं। जिहाद का मतलब देश की जनता अच्छे से समझती है। प्रधानमंत्री ने राहुल पर कहा- शहजादे को वायनाड से हार का डर है, इसलिए अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे। वे सबको कहते हैं- डरो मत। मैं उनसे कहता हूं- डरो मत...भागो मत।

## शिवसेना उद्धव गुट की नेता सुषमा अंधारे का हेलिकॉप्टर क्रैश

**महाड।** महाराष्ट्र के महाड में शुक्रवार को शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता सुषमा अंधारे का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। सुषमा अंधारे बारामती में महिला मेले में शामिल होने जा रही थीं। सुषमा के हेलिकॉप्टर में चढ़ने से पहले ही हेलिकॉप्टर का बैलेंस बिगड़ गया और वो क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर क्रैश में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि क्रैश की वजह अभी साफ नहीं है। जांच की जा रही है।



# रोड-शो कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह के लिए मांगे वोट

## मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी रहे मौजूद









-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/भिण्ड।** मुरैना-श्योपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नगर में रोड-शो कर जनता से भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगा।

## जीवाजीगंज से हुआ प्रारंभ, जाहर सिंह कक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के साथ समापन

उधर भिण्ड प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशाल रोड शो निकाला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय आदि मौजूद थे। मुरैना में रोड-शो शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जीवाजीगंज में रामजानकी मंदिर पहुंचें। यहां मंच पर उन्होंने महापौर शारदा सोलंकी के साथ कांग्रेस छोड़कर आने वाले पार्षदों सहित कार्यकर्ताओं का उन्होंने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद रोड-शो प्रारंभ हुआ। रोड-शो अग्रसेन पार्क पहुंचा। यहां सीएम डॉ. यादव ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। जिसके बाद रोड-शो वेयर हाऊस, गर्ल्स स्कूल रोड, गोपीनाथ की पुलिया, महामाया मंदिर, रुई की मंडी, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, ओव्हर ब्रिज चौराहे से पुरानी कलेक्ट्रेट होते हुए गणेशपुरा की पुलिया पहुंचा। यहां सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्व. जाहर सिंह कक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। जिसके बाद रोड-शो का समापन हुआ। रोड-शो में जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, लोकसभा संयोजक अनूप सिंह, भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, मुरैना की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व विधायक राकेश मावई, रघुराज कंषाना, कमलेश सुमन, वीरेन्द्र सिंह तोमर अंबाह, जिनेश जैन, अनिल गोयल अल्ली, हमीर पटेल, चारूकृष्ण डण्डौतिया, अरविंद सिकरवार, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया आदि मौजूद थे।

### रोड-शो में कई जगहों पर हुआ रोड-शो का भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शुक्रवार को किए गए रोड-शो का नगर में कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

### माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा में शामिल

शुक्रवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के समक्ष अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाशचंद्र गुप्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गौरव बाथम, नगर निगम के वार्ड-35 के बसपा पार्षद बंटी यादव सहित कई अन्य कांग्रेस, बसपा नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# नरेन्द्र मोदी विकास पुरूष, उन्हें ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं: ज्योतिरादित्य सिंधिया





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भिण्ड-दतिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी एवं एवं सांसद श्रीमती संध्या राय के समर्थन में जिले के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के गोरमी नगर परिषद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल भिण्ड का नहीं देश के इतिहास मैं सबसे दुनिया को स्थापित करने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का मन पूरे विश्व पटेल पर स्थापित किया है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत का परचम पूरे विश्व पर फहरा रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में से लेकर के और आसमान के चांद तक भारत का झंडा गाढ़कर भारत का नाम पूरे विश्व में स्थापित कर दिया।

## भाजपा सरकार ने सड़क, बिजली का जाल बिछाया, सिंचाई की बढ़ा रहे सुविधा





भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिराज सिंधिया ने कहा कि 14 में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर की थी। 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनकर हम उभर कर सामने आए हैं 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभर कर सामने आया। उन्होंने जनता को आग्रह किया की 7 तारीख को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार को पार्टी प्रत्याशी सांसद संध्या राय को संसद बनाकर दिल्ली भेज कर हमें मजबूत करना है। पहले सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी की दूसरी सरकार प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की और तीसरी सरकार मंत्री राकेश शुक्ला की ज्योतिरादित्य सिंधिया की और बहन संध्या राय की बनेगी। मैं आपको विश्वास दिलाने आया हूं कि विकास में कोई कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हम हमेशा भिंड-दतिया के जनता के बीच सेवा भाव से विकास और प्रकृति के मार्ग पर आगे चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की पूर्व शिवराज सरकार ने भिंड-दतिया लोकसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना के लिए माँ रतनगढ़ के लिए 1600 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृत करते हुए किसानों के खेत में सिंचाई के लिए पानी देने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा भारत में श्री मोदी की गारंटी


*शेष पृष्ठ 2 पर..*


# स्वतंत्र प्रेस नागरिकों और सरकार के मध्य सेतु अथवा संवाद का माध्यम है: स्वामी अवधेशानंद जी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**हरिद्वार।** श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि- भारत में स्वतंत्रता के पूर्व और अनन्तर राष्ट्रीय भावना के विकास एवं सांस्कृतिक आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण में प्रेस ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया है।वर्तमान में भी भारतीय जनमानस में पत्रकारिता को लेकर वही भावना जीवन्त है। प्रेस की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने एवं उनके अधिकारों की अभिरक्षा के लिए मनाए जाने वाले 'अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभेच्छा ..! विचार सम्पन्न, निर्भीक समाज की संरचना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की अभिरक्षा हेतु प्रेस की स्वतंत्रता आवश्यक है। स्वतंत्र प्रेस नागरिकों और सरकार के मध्य सेतु अथवा संवाद का माध्यम है, किन्तु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अराजकता का पोषण एवं राष्ट्रीय हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। भारत में स्वतंत्रता के पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय भावना के विकास एवं सांस्कृतिक आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण में प्रेस ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। आज भी भारतीय जनमानस में पत्रकारिता को लेकर वही भावना जीवन्त है। निष्पक्ष, पारदर्शी एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात् कर दशकों से जन हितों को स्वर प्रदान कर लोकतंत्र को दृढ़ता प्रदान कर रहे प्रेस जगत से जुड़े समस्त



नागरिकों एवं पत्रकार बन्धुओं को प्रेस की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने एवं उनके अधिकारों की अभिरक्षा के लिए मनाए जाने वाले 'अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक बधाई ! आप सभी निर्भीक होकर निरन्तर देश की सेवा करते रहें, यही कामना है। प्रेस केवल समाचार पहुँचाने का ही माध्यम नहीं है, बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है और प्रेस जनता को अपने देश और दुनियाभर में होने वाली घटनाओं के बारे में सूचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रेस की स्वतंत्रता वास्तव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है जो किसी भी राष्ट्र के उत्थान और उन्नति के लिए अत्यन्त आवश्यक है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। मीडिया अपना काम पूरी स्वतंत्रता और निष्पक्षता से कर पाए, इसके लिए आवश्यक है कि पत्रकारिता पर कोई भी अवांछित अंकुश न रहे। आज 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' (वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे) है। पत्रकार को लिखने और बोलने की स्वतंत्रता हो और वो पूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ अपने कार्य को पूरा कर सके। पत्रकारिता का वास्तविक उद्देश्य लोगों को सच्चाई से अवगत कराना होता है और हर विषय पर जागरूक करना होता है। इसके लिए यह सबसे महत्वपूर्ण है कि एक पत्रकार निष्पक्ष रहे। ना तो वह बातों को जैसा दिख रहा है, वैसा का वैसा प्रकट करे और ना ही उसे तड़का लगाकर प्रस्तुत करे। वास्तव में पत्रकारिता एक घोड़े के समान है। जिसकी प्रतिष्ठा उसके दौड़ने में है। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि कहाँ अंकुश लगाना चाहिए, क्योंकि अनावश्यक दौड़ और अनावश्यक बंदिश दोनों ही हानिकारक है - आपके लिए, समाज के लिए और राष्ट्र के लिए भी।

स्वामी अवधेशानंद जी ने कहा कि - जीवन की व्यवहारिक उत्कृष्टता का मूल हमारी वाणी है। वाग्मिता के द्वारा ही दूसरों को हमारे अध्ययन चिन्तन, चरित्र एवं संस्कारों का परिचय मिलता है। अतः वाणी में माधुर्य, सत्यता एवं पवित्रता सँभाल कर रखें। यह दिवस पत्रकारों के लिये भी आत्म-मंथन का दिवस है, ताकि मीडिया अपना दायित्व सत्यनिष्ठा के साथ निभाये। इलेक्ट्रोनिक मीडिया को टी.आर.पी. बढ़ाने के लिये खबरों में 'तड़का' लगाने से बचना चाहिए। प्रेस के जिन माध्यमों से नैतिकता मुखर हो रही है, उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। हम देख रहे हैं कि माध्यमों की अभिव्यक्ति एवं भाषा में एक सस्तापन आया है।

# जीएसटी एक्ट के तहत लोगों को धमकी देकर परेशान किया जाता है : सुप्रीम कोर्ट

### केन्द्र सरकार से नोटिस व गिरफ्तारियों का डेटा मांगा

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जीएसटी एक्ट के तहत 1 से 5 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट के लिए जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का डेटा मांगा है। कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी गिरफ्तारियां नहीं की जाती हैं, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके, गिरफ्तारी की धमकी देकर परेशान किया जाता है। कोर्ट ने गुरुवार (2 मई) को जीएसटी एक्ट, कस्टम एक्ट और पीएमएलए के प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हम नागरिकों की आजादी छीनने से बचाने के लिए दिशा-निर्देश तय कर सकते हैं, लेकिन उनका उत्पीड़न नहीं होने देंगे।

अधिकारियों पर शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप

दरअसल, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि जीएसटी एक्ट के तहत अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हैं। गिरफ्तारी नहीं की जाती है, लेकिन लोगों को नोटिस जारी करके गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है। यह लोगों की स्वतंत्रता को कम कर रहा है। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सभी मामलों में लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जा सकता है। बेंच ने कहा कि धोखाधड़ी के मामलों और अनजाने में हुई चूक के बीच अंतर होना चाहिए।

कोर्ट ने जीएसटी एक्ट की धारा 69 में गिरफ्तारी की शक्तियों पर स्थिति साफ न होने पर चिंता जाहिर की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह सेंट्रल जीएसटी एक्ट के तहत नोटिस और गिरफ्तारियों से जुड़ा डेटा इकट्ठा करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों से संबंधित ऐसी जानकारी इकट्ठा करना मुश्किल होगा, लेकिन वह अगली सुनवाई के दिन बेंच के सवालों का जवाब देने की कोशिश करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 9 मई को होगी।

# कलेक्टर ने जिले के सुदूरवर्ती ग्राम बड़ीतुम्मी के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सुदूरवर्ती ग्राम बड़ीतुम्मी के भ्रमण के दौरान ग्राम में 30 परिवारों के लिए डीएमएफ से 16.37 लाख रुपए की लागत से कराए जा रहे विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युतीकरण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर ग्रामीणों को विद्युत की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विद्युत खंभे, तार इत्यादि के संबंध में भी संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, कार्यपालन यंत्री विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, डब्ल्यूआरडी सहित अन्य विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

***कलेक्टर ने शासकीय हाई स्कूल बड़ीतुम्मी में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के कक्षों, ग्राम पंचायत बड़ीतुम्मी के शासकीय हाई स्कूल में खनिज प्रतिष्ठान मद से निर्माण कराए जा रहे अतिरिक्त कक्षों



का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तायुक्ते समय सीमा में निर्माण कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने हाई स्कूल के जर्जर भवनों का भी निरीक्षण किया तथा जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को देते हुए कहा कि इस जर्जन भवन में किसी भी प्रकार का आवागमन ना हो इसका विद्यालय प्राचार्य विशेष ध्यान रखें।

***कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ीतुम्मी का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ीतुम्मी का निरीक्षण किया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के व्यवस्थाओं के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला शांतिबाई से मिल रहे चिकित्सा की सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने गर्भवती महिला शांति बाई के हीमोग्लोबिन की जांच कराई तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट का निरीक्षण कर उनको बेहतर चिकित्सा की सुविधा मुहैया कराने के भी निर्देश दिए।

***कलेक्टर ने ग्राम बड़ीतुम्मी में किया मुर्गी सेड का निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज जिले के ग्राम बड़ीतुम्मी में हितग्राही कोदूलाल के मुर्गी सेड का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने हितग्राही कोदूलाल से मुर्गी सेड में मुर्गीपालन के संबंध में चर्चा की। हितग्राही कोदूलाल ने कलेक्टर को बताया कि मुर्गी सेड में लगभग 500 मुर्गियों का पालन किया जा रहा है। इसमें से कुछ मुर्गियों का समय से पहले मृत्यु हो जाती है। इस दौरान कलेक्टर ने हितग्राही कोदू राम से माह के आमदनी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर कोदूलाल ने बताया कि महीने में लगभग 5000 रुपए की आमदनी मुर्गी पालन के माध्यम से हो जाती है।

***कलेक्टर ने पीएचई विभाग द्वारा कराए जा रहे बोरवेल कार्य का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने ग्राम बड़ीतुम्मी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराई जा रहे बोरवेल कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ीतुम्मी में नल जल योजना के तहत चल रहे कार्य जल्दी पूर्ण कराएं तथा पाइपलाइन के माध्यम से गांव के छूटे हुए लोगों को पेयजल सुविधा जल्द से जल्द मुहैया कराएं।

# आज जिला न्यायालय अनूपपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**अनूपपुर।** म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मुख्य संरक्षक के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में 04 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अनूपपुर में 04 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालेंटियर, छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों व आमजन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा की गई है। रक्तदान करने के इच्छुकजन 4 मई को प्रातः 11 बजे से आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर सकते हैं। ज्ञात हो कि रक्तदान करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होने के साथ ही दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को कम करता है, लिवर को स्वस्थ रखता है।

# खेल के माध्यम से वैश्विक शांति स्थापित होती है: प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी कुलपति

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में 'आओ खेल प्रतियोगिता' मे वालीबॉल और बास्केटबॉल के फाइनल मैच मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी कुलपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (मध्य प्रदेश) की उपस्थित मे खेला गया। समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ी से परिचय एवं टास कराया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एमपी गौर द्वारा शाल, श्रीफल, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल द्वारा वैश्विक शांति स्थापित होती है खेलकूद द्वारा खिलाड़ियों का शारीरिक मानसिक, चारित्रिक और संवेगात्मक विकास होता है और इस तरह की प्रतियोगिताओं की आयोजन से विश्वविद्यालय की ही नहीं अपने आसपास के गांवो एवं विद्यालय में भी खेलकूद का वातावरण निर्मित होता है। विश्वविद्यालय के आसपास खेलकूद के विकास के लिए पांच गांवों को गोद लेकर वहां के खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क खेलकूद सामग्री प्रदान करने को कहा। इस प्रतियोगिता में आओ खेलो प्रतियोगिता में भगवान बिरसा बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दि क्लिपर एवं दि वारियस के मध्य खेला गया, जिसमे दि किलपरस ने बेह्तरीन खेल का प्रदर्शन



मुंडा बैडमिंटन कप, तिलका मांझी बास्केटबॉल कप, रानी गाइदिनलयू, वॉलीबॉल कप, विश्वविद्यालय शार्ट मैराथन का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए किया जा रहा है। समारोह मे स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. एमपी गौर दिया, आओ खेल प्रतियोगिता का परिचय एवं उद्देश्य डॉ. मनोज कुमार पांडेय एवं संचालन डॉ. रामजी मिश्रा द्वारा किया गया। वालीबॉल का फाइनल मैच आईजी एनटीयू राइडर एवं सोशल स्पारकर के मध्य खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले मे आई जी एन टी यू राइजर ने जीत लिया। इस मैच मे निर्णायक डॉ. आलोक कुमार सिंह एवं डॉ. दिलीप चौधरी रहे करते हुए मैच जीत लिया। इस मैच रैफरी की भूमिका में डॉ. राकेश प्रसाद एवं आलोक कुमार सिंह थे। इस अवसर प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. रावेन्द्र मिश्रा, प्रो. जितेंद्र शर्मा, प्रो. समीम अहमद, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. गोविंद मिश्रा, लेफ्टिनेंट डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. सचिन दिवेदी, डॉ. त्रयंबकम पाण्डेय, डॉ. राहुल यादव, डां राज कुमार, डॉ. विरेन्द्र, डॉ. प्रजेश मिश्रा, रत्नेश श्रीवास्तव, गौरव सिंह शारीरिक शिक्षा विभाग के हिमांशी वर्मा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के समस्त छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

# मानसून पूर्व मेंटेनेंस के कारण जिले के 9 फीडरों में 4 एवं 5 मई को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि संचा./संधा. उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत आने वाली समस्त 33 के.व्ही. लाइनों का अति आवश्यक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत आने वाले समस्त 33/11 के.व्ही. लाइनों का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया है कि 04 मई 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 के.व्ही. मॉडल फीडर, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र शांतिनगर, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जैतहरी अंतर्गत 11 के.व्ही. लपटा, अमगवां व गोबरी फीडर एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वेंकटनगर, चोरभटी, खूंटाटोला तथा 11 के.व्ही. एन.सी. फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 05 मई 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 के.व्ही. परसवार फीडर, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र फुनगा, 11 के.व्ही. बम्हनी ओल्ड फीडर, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जैतहरी अंतर्गत 11 के.व्ही. लपटा, अमगवां व गोबरी फीडर एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वेंकटनगर, चोरभटी, खूंटाटोला तथा 11 के.व्ही. डी.डी. फीडर से जु? समस्त उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य के अनुसार समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र धुराधर का किया निरीक्षण

## पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध न होने पर कलेक्टर ने व्यक्त की नाराजगी

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र धुराधार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने हीमोग्लोबिन मीटर एवं दवाई की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सीएचओ को उप स्वास्थ्य केंद्र के व्यवस्थाओं को सुधारने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया।

***कलेक्टर ने ग्राम खरसोल में नल जल योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों का किया अवलोकन***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान ग्राम खरसोल में नल जल योजना के तहत विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से खरसोल में पेयजल की स्थिति के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त समय-सीमा में पूर्ण कराएं तथा ग्रामीणों को पेयजल सुविधा मुहैया कराएं।

***कलेक्टर ने शासकीय विद्यालय पडमानिया के निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के



एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़मनिया के निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गुणवत्तायुक्त समय सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण करने की निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया।

***कलेक्टर ने बालक छात्रावास पड़मनिया का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के बालक छात्रावास पडमनिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक से बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्रावास अधीक्षक द्वारा बताया गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण सभी विद्यार्थी अपने-अपने घर चले गए हैं। इस दौरान कलेक्टर ने अधीक्षक से छात्रावास के अन्य व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

***कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र पडमनिया का किया निरीक्षण***

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र पडमनिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र में दवाईयों की उपलब्धता के स्थिति की जानकारी प्राप्त की जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध है, जिस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए। इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

***कलेक्टर ने ग्राम मिड्ढ महुआ में नरेगा के तहत निर्माणाधीन सरोवर कार्य का निरीक्षण किया***

जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज ग्राम मिड्ढ महुआ में नरेगा के तहत निर्माणाधीन जल सरोवर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल सरोवर तालाब का निर्माण वर्षा ऋतु के पहले गुणवत्तायुक्त कराएं जिससे किसानों को कृषि कार्य हेतु जल की सुविधा मुहैया हो सके उन्हें जल हेतु परेशान ना होना पड़े।

# आतंकवाद ,भ्रष्टाचार का उन्मूलन, नारियों के सम्मान हेतु मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएं: राजाराम शिवहरे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विदिशा।** विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को प्रचंड बहुमत से जितने हेतु विदिशा लोकसभा के प्रभारी भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने गत दिवस भोजपुर विधानसभा बाड़ी मंडल के 11 गांव का सघन द्वारा कर मतदाताओं से 100 प्रतिशत वोट डालकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सर्वाधिक मतों से जीत दिलाकर भारत की संसद में पहुंचने का विनम्र अनुरोध किया। उनके साथ नर्मदापुरम संभाग के कार्यालय मंत्री हंसराय, मंडल के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चे के मंडल अध्यक्ष शिव कुमार चौधरी थे। राजाराम शिवहरे ने समस्त ग्रामों में बैठकों को सम्बोधित करने के सभी ग्राम वासियों को भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र पहनकर एवं फूल मालाओं से सम्मान किया एवं सभी मतदाता भाई-बहनों से अनुरोध किया कि आगामी 07 मई को प्रातः से लेकर मतदान समाप्ति तक अपने-अपने घरों से अपने-अपने पड़ोस से अपने-अपने नाते रिश्तेदारों से अपने-अपने दोस्तों से मतदान करने का पुरजोर अनुरोध करें और साथ लेकर जाएं ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा अनुसार प्रत्येक बूथ पर 370 मत से ज्यादा बढ़कर लिए गए निर्णय का सम्मान करें और शिवराज सिंह चौहान



को सर्वाधिक मतों से जीत दिलाकर भारत की संसद में भेजें, ताकि वह विदिशा की जनता का भारत की संसद में सम्मान बढ़ायें और नरेंद्र मोदी शिवराज सिंह चौहान को अपने साथ भारत सरकार में रखने की जो इच्छा व्यक्त की है उस इच्छा को पूरा करना हम क्षेत्र की जनता का परम कर्तव्य है। प्रमुख ग्राम वास पिपरिया, कोठारी, बेरखेड़ी, ऊटिया खुर्द, जतानपुर, कन्नार, गेहलपुर, ढिब्बी, हरसली, चारगांव आदि ग्रामीण क्षेत्रों का सघन जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का विनम्र अनुरोध किया। निम्न महानुभाव उपस्थित रहे विनोद चौकसे, नरेश यादव, रामरतन, रमेश कुमार, यशपाल सिंह ठाकुर, कमलेश कुमार ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, खूबचंद पटेल, विशाल सिंह पटेल, जालम सिंह पटेल, रघुवीर सिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, ओमप्रकाश लोधी, रोहित ठाकुर, दिग्विजय सिंह, राजेश कुमार राघवेंद्र ठाकुर, गोपाल सिंह, सादा राम ठाकुर, लक्ष्मण सिंह हरिराम ठाकुर, चंदन सिंह, भैरव सिंह, आदर्श ठाकुर, रामकुमार ठाकुर, नवीन ठाकुर शालिग्राम, आकाश ठाकुर, सुधांशु ठाकुर, भगवान सिंह गुलाब सिंह, जसवंत सिंह विनय कुमार ठाकुर, प्रीतम सिंह, हल्कू सिंह, भरत सिंह, धनराज सिंह, नंदलाल, प्यारेलाल, सुरेश, शिवकुमार पाल, लखन लाल मीणा, मनीष रजक, सोनू मीणा लक्ष्मी नारायण मीणा, देवराज सिंह, अनुज चौबे, विनोद चौधरी, अवध नारायण चौकसे, सचिन पटेल, विशाल जाट, जगदीश, अंकित राजपाल, हरीबाबू धाकड़, मुकेश रावत आदि मौजूद थे।

# गैस सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता के संदेश की पर्ची चिपकाकर घर-घर पहुँचा रहे हैं संदेश, 07 मई को वोट डालने अवश्य जाएं

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अनूठी पहल करते हुए रसोई में उपयोग होने वाले एल.पी.जी गैस सिलेण्डरों पर ''07 मई'' को अपना अमूल्य मत का अधिकार कर्तव्य के साथ जरूर पूरा करें, जिसकी जागरूकता पर्ची गैस सिलेण्डरों पर लगाकर घर-घर सिलेण्डर के साथ भेजी जा रही है, जिससे घर की गृहणी अपने परिवार को मत देने के लिए भेजें। इसके लिए माधव महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र व छात्रायें उपस्थित थे। मतदान को हम एक पर्व के रूप में मनाएगें और मतदान करने आवश्य जाएंगे। गैस सिलेण्डर पर नारी एवं मतदानक की तारीख की पर्चियों को चिपकाने का कार्य गैस गोदाम पर एन.एस.एस अपने सशक्त लोकतंत्र के निर्माण अहम भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत साहू,



स्वंय सेवकों द्वारा वरिष्ट कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में किया गया। मतदान हमारा कर्तव्य है जिसको हम सब लोगों को समझना चाहिए और नवल किशोर कुशवाह, स्वयंसेवक आशुतोष पालिवाल, जितेन्द्र रजक, नकुल शर्मा, जतिन प्रजापति, सक्षम पाण्डेय, मोहित राजावत, शिवम गोडयाले, जितेन्द्र रजक, नीरज कुशवाह आदि लोग उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक का शेष

***नरेन्द्र मोदी विकास पुरुष, उन्हें ऐतिहासिक...***

के साथ 80 करोड़ जनता को निःशुल्क राशन दिया जाने के लिए मोदी की गारंटी हर गरीब परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा आयुष्मान भारत कार्ड योजना में हम हर गरीब को चाहे कोई भी समाज का हो 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज भारत के 15000 अस्पतालों में कर सकते हैं यह मोदी की पक्की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भिंड-दतिया की जनता पार्टी प्रत्याशी संध्या राय को पूर्ण आशीर्वाद देकर विकास और प्रकृति के लिए अपना सांसद बना कर दिल्ली पहुंचाएं और नरेंद्र मोदी आप सभी की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

**शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र के विकास में हमेशा सहयोग दिया: ज्योतिरादित्य सिंधिया**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2020 में जब मैंने कांग्रेस छोड़ी और कांग्रेस की सरकार गिरी तो मेरे मन में चिंता थी। दिल में धड़कन थी कि एक बड़ा कदम लिया है, लेकिन शिवराज चौहान ने एक-एक वादा पूरा किया। मैं शिवराज सिंह चौहान का ऋणी हूं, शिवराज जी ने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा से मुझे सहयोग किया। मुझे आगे बढ़ाया दिल से मेरे साथ काम करके काम किया। श्री सिंधिया ने कहा कि क्षेत्र में जब कोरोना काल आया तो कोरोना के दौरान लोगों की मदद के लिए ऑक्सीजन लाने का काम हो जा अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं लाने का काम हो उसके लिए शिवराज जी ने हमेशा मेरा साथ दिया। इसके अलावा बदरवास में जब बाढ़ आई तो उसे समय हेलीकॉप्टर से लोगों को निकालने के लिए शिवराज जी मेरे साथ खड़े रहे और हमेशा मदद की।

**सड़क गुना-इटावा रेलवे लाइन व बिजली का जाल बिछाया**

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता से हमारे दिल के और पारिवारिक संबंध हैं। क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। श्री सिंधिया ने कहा कि उसके आसपास क्षेत्र में पहले सड़कें खराब थी। अच्छी सड़कों का जाल बिछाने का काम मैंने किया। क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया। इसके अलावा बिजली के खंभे लगाने और नई बिजली लाइन बिछाने का काम मैंने किया और आगे भी इस क्षेत्र के विकास के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**मैं आपको विश्वास दिलाता हूं विकास और प्रकृति के मार्ग पर हमेशा जनता के साथ रहूंगी: संध्या राय**

भिंड-दतिया लोकसभा सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने कहा कि यह चुनाव भारत को विकसित बनाने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं महिलाओं एवं किसानों को आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने के लिए योजनाओं को घर-घर पहुंचा है विकसित भारत विकसित गरीब मजदूर किसान यह मोदी जी का संकल्प है मुझमें बेटी और बहन पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ अपने-अपने बूथ केंद्रों पर सूर्य की पहली किरण के साथ सबसे अधिक मतदान करते हुए कमल के फूल वाले बटन को दबाकर आशीर्वाद प्रदान करें आपका एक-एक वोट श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ताकत को मजबूती प्रदान करेगा मैं आपको विश्वास दी विकास और प्रकृति के मार्ग पर हमेशा जनता के साथ रहूंगी। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व पूर्व सांसद डॉ. भागीरथ प्रसाद, मंत्री ओपीएस भदौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रोमेश महंत, पूर्व जिला अध्यक्ष लोकसभा चुनाव संयोजक वीरेंद्र सिंह राणा, मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, जयवीर पुरोहित, श्रीकृष्णा कटारे, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया, ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर, आभार व्यक्त गोरमी मंडल के अध्यक्ष सुभाष थापक द्वारा किया गया। जनसभा में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया, पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रमेश दुबे, डॉ. राजकुमार सिंह कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया, मध्य भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णकांता तोमर, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य सीमा शर्मा, गीता राजावत, पूर्णिमा, अरविंद भदौरिया, ज्योति, सुदर्शन बैहोरे, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संगीता कौशल, विनोदी श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन सिंह भदौरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश शर्मा, विनोदी श्रीवास, जयवीर पुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह चौहान, नीरज शर्मा, रामू जादौन, जिला मंत्री रश्मि खटीक, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, कालीचरण शाक्य मंचासीन थे।

# आपराधिक रिकार्ड वाले 04 आरोपी थानो में हाजरी देने के लिए पाबंद

**श्योपुर,** जिला मजिस्टेऊ्ट लोकेश कुमार जांगिड द्वारा मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1)(क) एवं धारा 3(1)(ग) के प्रावधानो के अंतर्गत वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियो को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जन साधारण के हित में आपराधिक रिकार्ड वाले 04 आरोपियों को संबंधित थानो में हाजरी देने के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। जिसके तहत आपराधिक रिकार्ड वाले इन 04 आरोपियों को आदेश दिनांक से आगामी 02 माह तक सप्ताह में एक बार संबंधित थानो में अपनी हाजरी देनी होगी।

जारी आदेश के अनुसार मुकेश उर्फ योगेश पुत्र नारायण मीणा निवासी जलालपुरा को थाना प्रभारी पुलिस थाना देहात के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। मुकेश उर्फ योगेश पर विभिन्न धाराओ के तहत 07 अपराध पंजीबद्ध है।

राजाराम पुत्र मनीराज जाटव निवासी सिलपुरी को थाना प्रभारी पुलिस थाना कराहल के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। राजाराम जाटव पर विभिन्न धाराओ के तहत 05 अपराध पंजीबद्ध है।

रामदीन पुत्र भीमा कुशवाह निवासी गोहरा को थाना प्रभारी पुलिस थाना विजयपुर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। रामदीन कुशवाह पर विभिन्न धाराओ के तहत 09 अपराध पंजीबद्ध है।

हुकुम उर्फ गुटई पुत्र किशोरी प्रजापति निवासी हारकुई को थाना प्रभारी पुलिस थाना वीरपुर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। हुकुम पर विभिन्न धाराओ के तहत 06 अपराध पंजीबद्ध है।

# नवीन जायसवाल ने दिया भारतीय चुनाव आयोग को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का सुझाव

लोकसभा 2024 के चुनाव में पिछले दो चरणों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है इसी को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलवर, राजस्थान के निवासी एवं दिशा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर नवीन प्रकाश जायसवाल ने भारतीय चुनाव आयोग को सोशल साइट × (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से ट्वीट करके एवं चुनाव आयोग को ईमेल एवं वेबसाइट पर जाकर भी सुझाव प्रेषित किया है. कम मतदान के दो मुख्य कारण हैं पहला तेज गर्मी एवं दूसरा कारण बहुत सारे मतदाता अपने ऑफिस से खासकर जो दूसरे शहर में जॉब करते हैं शाम तक आते-आते उनको 6ः00 बज जाते हैं और तब तक मतदान का समय बंद हो जाता है. वर्तमान में मतदान का समय सुबह 7ः00 बजे से शाम के 6ः00 तक है जो की 11 घंटे का होता है सुझाव के मुताबिक सिर्फ 1 घंटे का समय बढ़ाना है इसको सुबह 7ः00 से शाम के 7ः00 बजे तक किया जा सकता है अथवा सुबह 6ः30 से शाम के 6ः30 बजे तक भी किया जा सकता है इन दोनों समय में चुनाव आयोग को जो भी समय उचित लगे किया जा सकता है यद्यपि चुनाव के दिन छुट्टी का प्रावधान है लेकिन वास्तविकता में बहुत सारे लोग ऐसे होते हैं जो छोटी फैक्ट्री, दुकानों पर एवं ऑफिस में काम करते हैं या किसी जरूरी काम से बाहर गए हुए होते हैं और जब तक वोट देने पहुंचते हैं वोटिंग का समय समाप्त हो जाता है. सिर्फ एक घंटे का समय बढ़ाने से 10 से 12त्न तक मतदान बढ़ने की पूरी संभावना है. नवीन प्रकाश जायसवाल समाज सेवक के साथ-साथ एक मोटिवेशनल स्पीकर एवं करियर कोच भी है एवं समय-समय पर राज्य सरकार, भारत सरकार एवं अन्य संस्थाओं को अपने सुझाव प्रेषित करते रहते हैं.

# महिला मेडीकल आफीसर को डिजीटल अरेस्ट कर 38 लाख ठगे, मामला दर्ज

**ग्वालियर।** ग्वालियर में डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया है। एक महिला मेडिकल ऑफिसर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 38 लाख रुपए ठग लिए। परिवार कल्याण केन्द्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुजाता बापट को ह्मयूमन ट्रैफिकिंग व मनी लॉड्रिंग का सीबीआई में केस दर्ज कराने का डर दिखाकर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। ठगों ने महिला ऑफिसर को 9 अप्रैल को फोन कर झांसे में लिया और लगातार 22 दिन तक उसे फोन के माध्यम से घर से बाहर निकलने और किसी से बात नहीं करने दी। एक मई को जब सुजाता ने पति को ठगों की बात करवाई करवाई, तो उन्होंने कहा कि वह सीबीआई अफसर अजय यादव से बात कराएं। इस पर ठग बोला कि आपके साथ स्कैम हो गया। अब आप इस टेलीग्राम ग्रुप से बाहर हो जाईए और साइबर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराईए।

इसके बाद पति-पत्नी गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के पास पहुंचे और मामले की जानकारी दी।




एसपी ने क्राइम ब्रांच प्रभारी अजय पवार को जांच कर एफआईआर के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ग्वालियर में एक माह के अंदर महिलाओं को डिजिटली अरेस्ट कर बड़ी ठगी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले, वृद्ध शिक्षिका आशा भटनागर से 51 लाख रुपए की ठगी की गई थी, जिसमें सरगना समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी पड़ताल जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठगों ने 9 अप्रैल की दोपहर डॉ. सुजाता को कॉल कर बताया कि उन्होंने लखनऊ से म्यांमार के लिए पार्सल बुक किया है, जिसमें 50 ग्राम एमडीएम भी निकला है। सुजाता ने जब ठगों को खुद को निर्दोष बताया, तो ठग ने उन्हें पुलिस थाना व सीबीआई थाना कोर्ट में कनेक्ट किया। इसके बाद उनका अरेस्ट वारंट व असेट सीज करने का ऑर्डर बताकर मदद करने का झांसा देकर 10 अप्रैल को 10 अलग-अलग एफडी तुड़वाकर 35 लाख रुपए अपने खाते में आरटीजीएस से ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने सुजाता को इस संबंध में पति या किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। 26 अप्रैल को ठगों ने मामले को सैटल होने और उन्हें रिलीव मिलने का भरोसा दिया और अकाउंट में बचे रुपयों की जानकारी लेकर 3 लाख रुपए फिर ट्रांसफर कराए। सीबीआई अफसर बने ठग ने महिला डाक्टर को बताया कि म्यांमार में 60 लोगों के आंख, नाक, कान निकालने पर 3.80 करोड़ रुपए आपके एचडीएफसी बैंक के अकाउंट में पहुंचे हैं। इस पर डॉ. सुजाता ने कहा कि उनका एचडीएफसी बैंक में खाता ही नहीं हैं। ठग ने यह भी कहा कि आप का केस निपटने पर रकम वापस हो जाएगी। रुपए जमा कराने पर उन्हें वाट्सएप पर दस्तावेज भी भेजे। ठग राजीव गुप्ता ने डॉ. सुजाता को बताया कि पार्सल में 20 पासपोर्ट, 3 क्रेडिट कार्ड, एक लैपटॉप, 50 ग्राम एमडीएम और 4 किलो कपड़ा है। पार्सल में रिसीवर का पता जॉन डेविड़ हाउस नंबर 207 सिटी डैगान स्टेट योगून म्यांमार बताया। आलमबाग थाने में शिकायत करने को कहा, तो सुजाता ने कहा, वह लखनऊ नहीं ग्वालियर में हैं। ठग ने लखनऊ थाना व सीबीआई थाने में वीडियो कॉल पर कनेक्ट करने की धमकी देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

# दंपत्ति के बस से पांच लाख के जेवर पार

## - सवारी वाहनों में नहीं है यात्रियों का सामान सुरक्षित

**ग्वालियर।** शहर में चलने वाले सवारी वाहन यात्रियों के लिये सुरक्षित नहीं हैं और शहर में सक्रिय जेबकट महिला और पुरुषों के निशाने पर सवारी वाहन हैं। जेबकटों ने पिछले चार दिनों में सवारी वाहनों में चार वारदातों को अंजाम देकर 25 लाख से ज्यादा का माल चोरी किया है। चोरी की वारदातों के बाद पुलिस सिर्फ लकीर पीट रही है और इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। लेकिन माल पार करने वाले बदमाशों का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है। चोरों ने अब सवारी वाहनों के साथ ही बसों में भी वारदातें करना शुरू कर दिया है। चोरों ने बस में निशाना बनाते हुए एक दंपति का सोने व चांदी से भरा ट्रॉली बैग पार कर दिया। घटना गोला का मंदिर चौराहे की है। घटना के शिकार पीडित थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जब सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो बस में दंपति के साथ बैठी महिला और बस स्टाफ पर संदेह जताया गया है। बस स्टेंड पर एक महिला बैग को ईरिक्शा में ले जाते हुये दिख रही है।



गोहद चौराहा भिण्ड निवासी संतोष कुमार बिथरिया पुत्र पंचम लाल बिथरिया हरियाणा यूनिवर्सिटी में पीएचडी स्कालर है। अभी कुरूक्षेत्र हरियाणा में रह रहे हैं। दो दिन पहले पत्नी ज्योति के साथ साले राहुल की शादी में शामिल होने के लिए गोहद आए थे। शादी का कार्यक्रम होने के बाद बीते रोज वह समाधिया ट्रैव्ल्स की बस से वापस आ रहे थे और उन्होंने अपने दोनों ट्रॉली बैग बस की डिग्गी में रखवाए थे। बस स्टैण्ड पहुंचने पर जब वह अपना सामान उठाने पहुंचे तो डिग्गी खोलते ही उनके पैरों तले जमीन निकल गई, क्योंकि बस की डिग्गी में रखा उनका जेवरों से भरा ट्रॉली बैग गायब था। मामले की सूचना पीडित ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें थाने पहुंचाया। जहां पर गोला का मंदिर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीडित ने बताया कि जो ट्रॉली बैग चोरी हुआ है, उसमें एक दो तोला वजनी सोने का हार, एक तोला वजनी मंगलसूत्र, एक तोला वजनी सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, कानों के टॉप्स, तीन जोड़ी पायल, एक करधोनी रखी थी।

पीडित ने बताया कि उनके सामान रखने के बाद बस सिर्फ गोला का मंदिर चौराहे पर रूकी थी और उसके बाद बस स्टैण्ड पर रूकी थी और यहां पर डिग्गी उनके सामने खुली थी, उन्होंने बैग देखा तो वह गायब था। अभी तक हुई पांच वारदातों में एक समानता है कि चोर गिरोह के निशाने पर वह महिलाएं हैं जो शादी समारोह या अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकली थीं और सवारी वाहनों में घटना का शिकार हुई हैं। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# डिप्रेशन में छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**ग्वालियर।** एक पंद्रह वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के विण्डसर हिल में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। घटना का पता चलते ही परिजन छात्र को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिरोल थाना क्षेत्र के विण्डसर हिल निवासी 15 वर्षीय आदित्य दुबे पुत्र रमन दुबे मूलतरू भिण्ड के रहने वाले हैं और यहां पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। बीती रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोया था और जब उसके चचेरे भाई की नींद खुली तो वह बिस्तर से गायब था। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं आया तो वह उसे तलाशते हुए ऊपरी मंजिल पर बने वॉशरूम में देखने आया तो बालकनी के गेट के रोशनदान से बने फंदे पर आदित्य लटका हुआ था। उसे फांसी पर लटका देखकर उसने शोर मचाया तो अन्य परिजन वहां पर पहुंचे और उसे फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि आदित्य ने नौवीं कक्षा के पेपर दिए हैं और दो दिन पहले ही उसका रिजल्ट आया है। जिसमें उसके नंबर कम होने से वह डिप्रेशन में चल रहा था। पुलिस का मानना है कि संभवतः इसी के चलते उसने फांसी लगाकर जान दी है।

# मिठाई खिलाकर दोस्त ने किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

**ग्वालियर।** दोस्त के लिए मिठाई लेकर आए युवक ने जब युवती को अकेला देखा तो उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के राय कॉलोनी घासमण्डी की है। घटना के बाद आरोपी उसका शोषण करता रहा और फिर उसे शादी करने की कहकर अपने साथ ले गया और जब पता चला कि उसकी गुमशुदगी दर्ज है तो वह उसे अपने साथ धमकाकर थाने ले गया और अपने पक्ष में बयान करा लिए। घर पहुंची युवती ने अपने साथ घटी घटना की जानकारी परिजनों को दी तो परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं ग्वालियर थाना क्षेत्र के राय कॉलोनी घासमण्डी निवासी 19 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि कुछ माह पूर्व उसकी दोस्ती पास ही रहने वाले गौरव प्रजापति नामक युवक से हुई और उनके बीच बातचीत होना शुरू हो गया। इसके बाद वह उसके घर आने और जाने लगा। एक दिन युवती अकेली थी और गौरव उसके लिए मिठाई लेकर आया था और उसे अकेला देखकर उसके साथ गलत काम किया। वारदात के बाद उसने शादी का वादा किया और इसके बाद उसका शोषण करने लगा। 24 अप्रैल को गौरव उसे शादी करने की कहकर लक्ष्मीगंज ले गया और यहां पर भी उसके साथ गलत काम किया। इसी बीच उसे पता चला कि उसकी शिकायत परिजनों ने ग्वालियर थाने में की है तो वह उसे लेकर आया और धमकाकर अपने पक्ष में थाने में बयान करा लिए। इसके बाद गौरव ने उससे शादी से इनकार कर दिया और मुंह खोलने पर उसे बदनाम करने की धमकी दे दी। जिसके बाद पीडिता ने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी और थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की तो आरोपी अपने घर से गायब मिला है और पुलिस उसकी तलाश में लगी है।

# पति - पत्नी की लड़ाई में समझौता कराने पहुंची ददिया सास को महिला ने पीटा

**ग्वालियर।** नाती व उसकी पत्नी में हो रहे विवाद को सुलझाने पहुंची ददिया सास की नाती बहु ने धक्का देकर पटका और ईंट से उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी। घटना मुरार थाना क्षेत्र के राम जानकी मंदिर के पास घोसीपुरा की है। घटना के बाद मारपीट का शिकार हुई ददिया सास थाने पहुंची और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर बहू की तलाश शुरू कर दी है।

मुरार थाना क्षेत्र के राम जानकी मंदिर के पास रहने वाली 80 वर्षीय कलावती पाल पत्नी महादेव पाल ने शिकायत की है कि बीते रोज उसकी नाती बहू सीमा पाल अपने पति रोहित पाल से विवाद कर रही थी, आवाज सुनकर वह उनके पास पहुंची और सीमा पाल को समझाने का प्रयास किया तो वह बिफर गई और उसे धक्का दे दिया। बहु के धक्के से जब कलावती गिर गई तो वह उस पर हावी हो गई और पास पड़ी ईट उठाकर उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। जब परिजन उसे बचाने आते बहु ने उसकी जमकर ठुकाई लगा दी। इसके बाद वह धमकी देकर वहां से चली गई। घटना का शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर बहु की तलाश शुरू कर दी है।

# टमटम चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

## – 18टमटम, बैटरियां और सामान बरामद

**ग्वालियर।** डबरा पुलिस ने टमटम (ई-रिक्शा) चोरी करने वाली गैंग को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। चोरों के पास से 18 टमटम और अन्य सामान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। पुलिस ने आठ चोरों को भी गिरफ्तार किया है।

एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की नगर में रात में चोरों की आवक हो रही है। जिस पर उन्होंने थाना प्रभारी यशवंत गोयल को निर्देशित किया। थाना प्रभारी ने अपना सूचना तंत्र विकसित किया तो जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ लोग टमटम में बैठकर आते हैं और टमटमया बैटरी को चोरी कर वापस लौटते हैं। सूचना



के आधार पर थाना प्रभारी ने अपनी टीम को तैनात किया तो बल्ला के डेरा क्षेत्र में पुलिस को एक संदिग्ध टमटम घूमती हुई दिखी। जिसमें आठ लोग सवार थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए चोरों में आशिक पुत्र वहीद खान निवासी हनुमानगंज डांडा डबरा, अंकेश पुत्र मुकेश बघेल निवासी अयोध्या कॉलोनी डबरा, पंकज पुत्र माखन प्रजापति निवासी जेल रोड डबरा, पुष्पेंद्र पुत्र लल्लू रावत निवासी दीदार कॉलोनी डबरा, आमिर पुत्र लियाकत खान निवासी नाथ कॉलोनी मकोड़ा थाना बिलौआ, जितेंद्र पुत्र राय सिंह कुशवाह निवासी बड़ी अकबई पिछोर, सुनील पुत्र रामबाबू साहू निवासी टीसीपी टेकनपुर, राहुल पुत्र जगदीश साहू निवासी टीसीपी टेकनपुर शामिल हैं।़ पुलिस ने आशिक खान से पूछताछ के बाद उसके घर से 12 टमटम, दो टमटम कटी हुई, टमटम काटने का सामान, गैस कटर, वेल्डिंग मशीन जब्त की हैं। साथ ही इन लोगों की निशानदेही पर 6 टमटम अन्य स्थान से बरामद की गई है। कुल 18 टमटम को पुलिस ने जब्त किया, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने इनसे कुछ बैटरियां भी बरामद की है। पुलिस चोरों से पूछताछ कर रही है।

# बाजार से आया पत्नी बेटे को सुलाया और लगाई फांसी

**ग्वालियर।** बाजार से आने के बाद युवक ने पत्नी और बेटे के साथ खाना खाया और सोने चला गया। पत्नी और बेटे के सोते ही उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना मुरार थाना क्षेत्र के पटेल पेट्रोल पंप के पास बारादरी चौराहे की है। घटना का पता उस समय चला जब पत्नी की नींद खुली और पति को फांसी के फंदे से लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुरार थाना क्षेत्र के बारादरी स्थित पटेल पेट्रोल पंप के पास रहने वाला 30 वर्षीय राहुल गुजवार पुत्र दिलीप सिंह गुजवार प्राइवेट जॉब करता है और यहां पर पत्नी अभिलाषा और बेटे चिरायू के साथ रहता है। बीती रात वह बाजार से आया और पत्नी व बेटे के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। रात करीब दो बजे के लगभग अभिलाषा की नींद खुली तो राहुल अपने बिस्तर से गायब था। उसे गायब देखकर उसने तलाश की तो पता चला कि राहुल ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई है। इसका पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदाता सूचियों का निरीक्षण

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में चुनाव की सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में जिले के सभी मतदान केन्द्रों के लिए चिन्हित मतदाता सूचियाँ (निर्वाचक नामावलियाँ) तैयार करने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। कलेक्ट्रेट में संबंधित एआरओ की देखरेख में विधानसभा क्षेत्रवार व मतदान केन्द्रवार चिन्हित निवार्चक नामावली तैयार की जा रही हैं।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को इस कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि पूरी सावधानी के साथ चिन्हित नामावली तैयार करें। इसमें जरा सी भी लापरवाही न हो। उन्होंने चिन्हित नामावली की रेण्डम जाँच भी की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव जैन एवं एआरओ अतुल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो चिन्हित निर्वाचक नामावली में उन मतदाताओं को चिन्हित किया जाता है जो कि डाक मत पत्र, सेवा मत पत्र अथवा ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र) के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

# जैन मिलन महिला ने स्थापना दिवस मनाया

**ग्वालियर।** जैन मिलन महिला ने भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर सेवा कार्य किया। इस दौरान जहां ऑटो रिक्शा राहगीरों को शरबत पिलाया गया, वहीं महिला मजदूरों को साड़ी व उनके बच्चों को जींस शर्ट वितरित किए गये। भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर जीव दया कार्य करते हुए भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए शिवाजी पार्क में पानी व अनाज के सकोरे रखें तथा गायों को चारा खिलाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी संयोजिका अति वीरां निर्मल, राष्ट्रीय युवा महिला संयोजिका अति वीरांगना रेखा, क्षेत्रीय सह कोषाध्यक्ष वीरां संध्या, जिनवाणी संरक्षक चेयरपर्सन वीरांगना सुनीता, नेत्र सह चेयरपर्सन वीरां शीला, क्षेत्रीय सदस्य वीरां चंदा, क्षेत्रीय सदस्य निवर्तमान अध्यक्ष वीरां संगीता, राष्ट्रीय सदस्य कमलेश अध्यक्ष वीरां प्रीति, सचिव वीरां प्रीति, कोषाध्यक्ष वीरां शेफाली, संजना रानी, नीलम पायल, आयुषी काव्य, शिवानी आदि समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# काटने के लिये ले जा रहे 24 गौवंश को पुलिस ने पकड़कर बचाया

**ग्वालियर।** भिण्ड से 24 गौवंश कटने के लिए ले जा रहे एक आयसर कैंटर को महाराजपुरा थाना पुलिस ने बरेठा टोल से पकड़ा है। टीआई महराजपुरा धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक ट्रक में गौवंश कटने के लिए आ रहा है जो बरेठा टोल से निकलेगा। इसका पता चलते ही बरेठा चौकी प्रभारी बृजेश भार्गव को सूचना की। तभी आयसर कैंटर एमएच 40 सीटी 5896 आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का इशारा करते ही चालक व उसके पास बैठा युवक अपने वाहन को खड़ा कर भागने लगे, जिनका पुलिस ने पीछा किया और दोनों को दबोच लिया।

# विधिक जानकारी देने के साथ मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई

**ग्वालियर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पी सी गुप्ता के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक विधिक सेवा सप्ताह (01 से 04 मई) आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष दवंडे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रम विभाग ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना-2015 अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जे बी मंघाराम फैक्ट्री में किया गया। इस अवसर पर विधिक योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ श्रमिकों को 7 मई को मतदान केन्द्र पर पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने परिजनों व परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के लिये कहा गया।



जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा ने इस अवसर पर जानकारी दी कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रत्येक श्रमिक चाहे महिला हो या पुरुष भारतीय संविधान के द्वारा बराबरी का अधिकार दिया गया है। दोनों को एक जैसे कार्य के लिए समान वेतनध्मजदूरी का भुगतान दिये जाने का प्रावधान किया गया है। जिसके अनुसार वेतन न मिलने पर श्रम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 तथा असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा संचालित संबल तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। श्रम निरीक्षक राहुल दोहरे ने कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923 एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में उपस्थित श्रमिकों को अवगत कराया। इस अवसर पर जे बी मंघाराम फैक्ट्री के सीनियर एच आर अधिकारी सुरेश शर्मा, एच आर प्रबंधक नीरज पाठक, श्रमिक कल्याण अधिकारी आलोक मोहंती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से देव कृष्ण सिकरवार सहित फैक्ट्री के कामगार (श्रमिक) उपस्थित रहे।

# सामाजिक वानिकी के आठों सेंटरों को दिलाएंगे विशेष पहचान

## - खतरे की स्थिति में पहुंची प्रजातियों के संरक्षण पर शुरू किया काम

***शैलेन्द्र शर्मा***

**ग्वालियर।** रिट आरईटी रेयर, इंडेजर्ड और थ्रीटेंड मतलब दुलर्भ खतरे की स्थिति और संकटाग्रस्त स्थिति में पहुंच चुके पौधे के संरक्षण के लिये सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के द्वारा काम शुरू कर दिया है। इसके लिये अखिल भारतीय शोध संस्थानों से संपर्क कर उनके मार्गदर्शन में कुछ तैयारियां भी कर ली है। बहुत जल्द ही ऐसे पौधे तैयार कर लेंगे इसके साथ ही उक्त वृत्त के आठों जिलों में संचालित सभी 11 वन रोपणियों को विशेष पहचान दिलाने का काम करेंगे। यह बात वन संरक्षक नरेश सिंह यादव ने हिन्दुस्तान एक्सप्रेस से खास चर्चा में कहीं।

उन्होंने बताया कि बीते माह अप्रैल में अखिल भारतीय बांस एवं चारा शोध संस्थान झांसी व अखिल भारतीय जल एवं मुद्रा संरक्षण शोध संस्थान दतिया के प्रमुख वैज्ञानिक व डायरेक्टरों से संपर्क कर मार्गदर्शन लिया है। इसके साथ ही 175 हैक्टेयर में फैले तपोवन वन रोपणी व वृत्त कार्यालय में सोलर सिस्टम, जलस्रोत टैंक, खाली पड़ी भूमि पर प्रदर्शन पक्षेत्र तैयार करेंगे। इस क्षेत्र में बारिश की एक एक बूंद को सहेजने का काम भी करेंगे। फिलहाल 200 मीटर का एक और ट्रेक बना रहे हैं। यहां एक नक्शे का बोर्ड लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि तपोवन नर्सरी में रोजाना सैकड़ों लोग घूमने आते है। वहीं लोग पौधे खरीदने भी आते हैं। इसीलिये हम चाहते हैं कि तपोवन में आने वाले लोगों को अच्छा माहौल लगे और एक नई पहचान बनें।

***आते ही गंदगी देख पीड़ा हुई***

वन संरक्षक श्री जाटव ने बताया कि 27 मार्च को जब पहली बार यहां का पदभार ग्रहण करने आया तब गंदगी देख पीड़ा हुई। पूरा परिसर में असामाजिकतत्वों के क्षरा बोतल, गुटखा पाउच आदि के जगह-जगह ढेर लगे थे। इसीलिये प्राथमिकता से स्वच्छता अभियान चलाकर स्टाफ के सहयोग से पूरे परिसर में साफ सफाई कराई गई है। अब आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।



***प्रति सप्ताह दो दिन पैदल भ्रमण***

उन्होंने बताया कि यह तपोवन परिसर पूरा 175 हैक्टेयर में फैला हुआ हैं। जिसमें सरकारी क्वार्टर, कार्यालय नर्सरी के सेड सहित घूमने के लिये ट्रेक है। जलस्रोत के लिये टेंक आंवला प्लांटेशन भी है, जो पूरा परिसर हर किसी के आकर्षण का केन्द्र से कम नहीं है। इसीलिये समय निकालकर प्रति सप्ताह के दो दिन शनिवार रविवार को तड़के ही पैदल घूमते हुये यहां आ जाता हूं। इससे यहां का औचक निरीक्षण भी हो जाता है और स्वयं का व्यायाम भी हो जाता है।

***कहां किस जिले में पौध नर्सरी***

सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के अंतर्गत ग्वालियर चंबल संभाग के आठ जिलों में कुल 11 रोपणी है। जिसमें तपोवन रोपणी ग्वालियर, धौलियाना रोपणी भिंड, देवरी रोपणी मुरैना, दतिया जिले में भूता रोपणी और अंगूरी बैराय नाम से दो नर्सरी है। जबकि श्योपुर में इको सेंटर रोपणी, शिवपुरी में वन विद्यालय परिसर के नाम से नर्सरी है। दूसरी रोपणी गुना रोड पर भेडफार्म और टुकी रोपणी शिवपुरी कुल तीन नर्सरी हैं। गुना में केंट रोपणी और अशोकनगर में भोला रोपणी है। यहां वर्तमान में लगभग 90 लाख से अधिक पौधे तैयार किये गये हैं, जो वर्षा ॠतु आते ही वन मंडल सहित शासकीय व अशासकीय संस्थाओं प्रदान किये जायेंगे। पहले 12 रूपये प्रति पौधा का लेकिन इस साल से प्रति पौधे के 14 रूपये निर्धारित की गई है।

***तपोवन ने प्रतापगढ़ के आंवले को दूर-दूर तक पहुंचाया***

ग्वालियर झांसी रोड स्थित सामाजिक वानिकी की नर्सरी में एक दशक पहले प्रतापगढ़ से कंचन, कृष्ना, एन10, एन7 नामक प्रजाति के आंवला के मटर प्लांट लाकर ग्राफ्टेड आंवला की नर्सरी तैयार की गई थी। जिसकी वजह से तपोवन को एक नई पहचान मिली। वहीं इसी तपोवन ने प्रतापगढ़ के आंवले की प्रजाति को दूर-दूर तक पहुंचाया है। आज हजारों लाखों की संख्या में आंवला पौधे के पेड़ बनकर तैयार हो गये हैं। अब यहां बड़ी मात्रा में आंवला फल भी आता हैं।

# पीले चावल देकर दिया मतदान का बुलावा

**ग्वालियर।** जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे ग्वालियर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान भी ऊँचाईयाँ छू रहा है। इस कड़ी में ÷चलें बूथ की ओर÷ अभियान के तहत घर-घर एवं दुकान-दुकान पर लोगों को पीले चावल देकर 7 मई के दिन मतदान केन्द्र पहुँचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र दृ 154 व 156 से जुड़ी सैलार की गोठ सहित अन्य बस्तियों में घर-घर व दुकान-दुकान पर पहुँचकर शासकीय सेवकों ने पीले चावल सौंपकर मतदान करने का न्यौता दिया। इसी तरह ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी छावनी, लाल टिपारा इत्यादि बस्तियों के निवासियों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया। विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर की विभिन्न बस्तियों में आंनगबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर महिलाओं से वोट डालने की अपील की। शहर में विभिन्न बस्तियों में स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत रैली निकाली गई और शपथ भी दिलाई गई।

# उच्च न्यायालय खण्डपीठ में आज रक्तदान शिविर

**ग्वालियर ।** उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में आज 4 मई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशों के पालन में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा आयोजित यह शिविर प्रातः 11 बजे शुरू होगा। शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स, सामूदायिक मध्यस्थ वॉलेन्टियर्स, महाविद्यालयीन विद्यार्थी और उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के अधिकारी-कर्मचारी स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार एवं सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति अखिलेश कुमार मिश्र ने रक्तदान करने के इच्छुक स्वस्थ व्यक्तियों से इस पुनीत आयोजन में हिस्सा लेकर रक्तदान करने की अपील की है।

## संपादकीय

### ईडी को राजनीतिक विरोधियों पर लगे आरोपों की जांच को लेकर संतुलित रुख अख्तियार करने की जरूरत

विपक्षी दलों ने कई बार सवाल उठाए हैं कि ईडी अपने अभियानों में सुविधा और आग्रहों के मुताबिक चुने हुए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है और उसकी सक्रियता में एक खास तरह का आग्रह दिखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर कोई व्यक्ति कानून के विरुद्ध काम करता है तो उस पर कार्रवाई होना चाहिए। मगर कानून को अमल में लाने वाली कोई एजंसी अगर अपने अधिकारों को असीमित मानने लगे और उसके रवैये से मनमानी का संकेत मिलने लगे तो सवाल उठना स्वाभाविक है। पिछले कुछ समय से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की सक्रियता ने सबका ध्यान आकृष्ट किया है और यह धारणा बनी है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आई है। मगर इसके साथ ही विपक्षी दलों ने कई बार सवाल उठाए हैं कि ईडी अपने अभियानों में सुविधा और आग्रहों के मुताबिक चुने हुए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है और उसकी सक्रियता में एक खास तरह का आग्रह दिखता है। विपक्षी पार्टियों के आरोपों को यह मान कर नजरअंदाज कर दिया जा सकता है कि वे अपने दल से संबंधित आरोपियों के बचाव में ईडी को कठघरे में खड़ा करती हैं। मगर यह भी सच है कि कई मौके पर खुद अदालतों की ओर से ईडी की कार्यशैली पर अंगुली उठाई गई है। सवाल है कि किसी कानून पर अमल को लेकर ईडी अगर ईमानदार है, तो बार-बार विपक्षी दलों से लेकर अदालतों तक की ओर से उसकी मंशा पर अंगुली क्यों उठ रही है? बुधवार को नौकरी के बदले जमीन के आरोपों से जुड़े एक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट की एक विशेष अदालत ने ईडी को फटकार लगाई और उसकी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एक जांच एजंसी के रूप में कानून के नियमों से बंधी है और वैसे आम नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर सकती, जो संदिग्ध तक नहीं हैं।

जाहिर है, यह ईडी के कामकाज के तौर-तरीकों पर एक बार फिर गहरा सवालिया निशान है, जो उसकी साख को कसौटी पर रखता है। अगर इससे शासन के काम का एक ढांचा तैयार होता है तो उसका लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। विडंबना यह है कि ईडी के रवैये की वजह से पिछले कुछ समय से इस संबंध में कई सवाल उठे हैं। शायद इसी वजह से अदालत ने यह भी कहा कि इतिहास से कोई सबक सीखना है तो यह देखना चाहिए कि मजबूत नेता, कानून और एजंसियां आमतौर पर उन्हीं नागरिकों को निशाना बनाती हैं, जिनकी रक्षा का वे संकल्प लेती हैं। इस टिप्पणी को जनता के अधिकार और राज्य के कर्तव्य के संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसमें उम्मीद की जाती है कि लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं किया जाएगा। करीब एक वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी ईडी को यह सलाह दी गई थी कि वह अपनी कार्यशैली से भय का माहौल पैदा न करे। शीर्ष अदालत की टिप्पणी इस बात का इशारा थी कि एजंसी को राजनीतिक विरोधियों पर लगे आरोपों की जांच को लेकर संतुलित रुख अख्तियार करने की जरूरत है। आखिर ऐसी शिकायतों की नौबत क्यों आनी चाहिए कि किसी एजंसी के अधिकारियों के पेश आने का तरीका कई बार भयादोहन की तरह लगने लगता है। इस तरह के व्यवहार का एक स्वाभाविक नतीजा यह होता है कि वास्तविक कारण भी संदिग्ध लगने लगते हैं। ऐसे में ईडी के सामने यह विचार करने का वक्त है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों तक के बीच उसकी कार्यशैली को लेकर जैसी राय बन रही है, वह उसकी साख को किस हद तक प्रभावित कर रही है और उसे अपने तौर-तरीके में क्या सुधार करने की जरूरत है!

# युद्ध के 25 साल बाद भी सुरक्षा के मोर्चे पर निरंतर सतर्कता की जरूरत

**पच्चीस वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने पहले घुसपैठियों को भेजा, फिर सैन्य हमले को अंजाम दिया, क्योंकि भारत ऐसे हमले के प्रति लापरवाह था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा 21 फरवरी, 1999 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर ही कारगिल की घटना हुई। भारत को घुसपैठियों के बारे में अचानक पता लगा। ताशी नामग्याल नामक चरवाहा जब अपनी गुम हुई भेड़ों को खोज रहा था, तो उसने पठानी सूट में पाकिस्तानियों को देखा, जो बाल्टिक पर्वत श्रृंखला पर बंकर खोद रहे थे। नब्बे डिग्री की खड़ी चट्टान पर चढ़ाई करने वाले युवा सैन्य अधिकारियों और जवानों ने बहादुरी से पाकिस्तानी गोलियों का सामना किया और अपने भारतीय नेतृत्व को गर्व करने का अवसर प्रदान किया। इस युद्ध में ज्यादातर 22-35 वर्ष के युवा जवान शहीद हुए।**



पच्चीस साल पहले ठीक आज के दिन पाकिस्तान ने कारगिल में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था, जिसमें हर बार की तरह फिर से उसकी पराजय हुई। उसके बाद भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा में कई तरह के सुधार किए, लेकिन आज भी भारत को अपनी आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। जब भारत-पाकिस्तान रिश्तों की बात आती है, तो अतीत वर्तमान बन जाता है और भविष्य में सीखने के लिए कुछ अप्रिय सबक छोड़ जाता है। पाकिस्तान जबसे भारत से अलग हुआ है, इसने क्षेत्रीय जीत हासिल करने की कोशिश की है। हालांकि हर बार यह विफल रहा है। पच्चीस वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने पहले घुसपैठियों को भेजा, फिर सैन्य हमले को अंजाम दिया, क्योंकि भारत ऐसे हमले के प्रति लापरवाह था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा 21 फरवरी, 1999 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर ही कारगिल की घटना हुई। भारत को घुसपैठियों के बारे में अचानक पता लगा। ताशी नामग्याल नामक चरवाहा जब अपनी गुम हुई भेड़ों को खोज रहा था, तो उसने पठानी सूट में पाकिस्तानियों को देखा, जो बाल्टिक पर्वत श्रृंखला पर बंकर खोद रहे थे। नब्बे डिग्री की खड़ी चट्टान पर चढ़ाई करने वाले युवा सैन्य अधिकारियों और जवानों ने बहादुरी से पाकिस्तानी गोलियों का सामना किया और अपने भारतीय नेतृत्व को गर्व करने का अवसर प्रदान किया। इस युद्ध में ज्यादातर 22-35 वर्ष के युवा जवान शहीद हुए। आधिकारिक रूप से भारत के 527 जवान शहीद हुए, जबकि पाकिस्तान के 357 से 453 के बीच जवान मारे गए। पाकिस्तान ने अपने 600 अन्य जवानों की लाशों पर दावा न करके उन्हें अपमानित किया। नतीजतन भारत को ही उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। वस्तुतः यह भारत के लिए कठिन कार्य था। पाकिस्तानियों के कड़े प्रतिरोध का सामना करते हुए भारत ने अपनी वायु सेना और बोफोर्स तोप को तैनात कर अपनी रक्षा की। उसी साल एक भारतीय यात्री विमान का अपहरण हुआ, जिसे पहले लाहौर, फिर कांधार ले जाया गया। भारत को विमान, चालक दल और यात्रियों की सुरक्षित रिहाई के लिए चार कश्मीरी आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा। पच्चीस वर्ष बाद भी इन विफलताओं पर भारत में बहुत कम चर्चा हुई है। पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक नजम सेठी कहते हैं, 'भारत के साथ पाकिस्तान ने जितने भी युद्ध किए, सभी में हार गया, हालांकि उसी ने इसकी योजना बनाई थी, पर कुछ हासिल न कर सका।' पहले सर्दियों में कारगिल क्षेत्र की ऊंचाइयों वाली चौकियों को दोनों देशों के सैनिक खाली कर देते थे और फिर वसंत के मौसम में वहां तैनात हो जाते थे। 1999 की सर्दी में पाकिस्तानी फौज ने भारतीय सेना से पहले ही कारगिल द्रास एवं बाल्टिक की सामरिक ऊंचाइयों पर स्थित अग्रिम चौकियों पर आतंकियों के सहयोग से कब्जा कर लिया। हालांकि उसने ऐसा भारतीय इलाके पर कब्जे के लिए नहीं, बल्कि भारत पर सामरिक बढ़त पाने के लिए किया था।

यदि वह सफल हो जाता, तो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक को अवरुद्ध करके कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच संपर्क खत्म कर सकता था। पाकिस्तानी योजनाकार चाहते थे कि भारत को सियाचिन ग्लेशियर छोड़ने और कश्मीर पर बातचीत करने के लिए मजबूर किया जाए। लेकिन 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जे के बाद से आज तक भारत उस पर कब्जा जमाए हुए है। कारगिल युद्ध के बाद दोनों में से कोई भी पक्ष दुनिया के इस सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र को छोड़ना नहीं चाहता है। पाकिस्तानी लेखक तारिक अकील के अनुसार, सैन्य मामलों की सीमित जानकारी होने के कारण नवाज शरीफ भारतीय सेना की पलटवार करने की क्षमता से वाकिफ नहीं थे। 'वह इस भ्रम में थे कि घुसपैठिये सफल हो जाएंगे और कारगिल पर कब्जा कर लेंगे, जिससे भारत को कश्मीर पर अंतिम समझौता करने के लिए मजबूर किया जा सकेगा और वह इतिहास में कश्मीर विजेता के रूप में जाने जाएंगे।'

पाकिस्तानी योजनाकारों ने मान लिया था कि चूंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न है, इसलिए भारत अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई बड़ा कदम नहीं उठाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय प्रारंभिक चरण में ही हस्तक्षेप करेगा, जिससे नियंत्रण रेखा के पार मिली बढ़त पर पाकिस्तान का कब्जा हो जाएगा तथा चीन पाकिस्तान का पक्ष लेगा और भारतीय सेना ऊंचाई पर लड़ने के लिए प्रशिक्षित पर्याप्त सैनिक नहीं जुटा पाएगी। लेकिन ये सारी बातें गलत साबित हुईं। किसी ने भी पाकिस्तान की इस बात को नहीं माना कि कश्मीरी स्वतंत्रता के लिए भारतीय सेना से लड़ रहे हैं और उनमें पाकिस्तानी सेना शामिल नहीं है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने नवाज शरीफ को आदेश दिया कि वह सभी पाकिस्तानी सैनिकों की भारतीय चौकियों पर से वापसी सुनिश्चित करें। हालांकि कारगिल युद्ध ने छोटे पैमाने पर और सीमित भौगोलिक सीमाओं के साथ ही दोनों देशों में गहन सामरिक विश्लेषण को प्रेरित किया। भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कमियों पर चर्चा की। वाजपेयी सरकार ने के. सुब्रमण्यम के नेतृत्व में पाकिस्तानी हमलों के लिए जिम्मेदार घटनाओं तथा सशस्त्र घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा के रक्षा उपायों की सिफारिश के लिए कारगिल रिव्यू कमेटी गठित की। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राजनीतिक, नौकरशाही, सैन्य और खुफिया प्रतिष्ठानों ने यथास्थिति बनाए रखने में अपना निहित स्वार्थ खोज लिया है। उसने जोर देकर कहा कि कारगिल युद्ध, पाकिस्तान की ओर से चल रहे छद्म युद्ध और परमाणु सुरक्षा वातावरण को देखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। युद्ध के बाद के मूल्यांकन की गंभीरता को रेखांकित करते हुए, खुफिया तंत्र, आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और रक्षा प्रबंधन का मूल्यांकन करने के लिए चार कार्यबलों की स्थापना की गई। दो रिपोर्टों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रबंधन में कई बदलाव हुए। केंद्रीकृत संचार और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस को संभालने के लिए 2004 में राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन का गठन किया गया था। सेना की विशिष्ट खुफिया जरूरतों को पूरा करने के लिए रक्षा खुफिया एजेंसी का गठन किया गया। बेहतर अंतर-एजेंसी सूचना-साझाकरण और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए एक बहु-एजेंसी केंद्र स्थापित किया गया। रक्षा प्रतिष्ठान को भी कुछ हद तक पुनर्गठित किया गया। आज भारत आर्थिक और सैन्य रूप से मजबूत है, लेकिन आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए निरंतर सतर्कता की जरूरत है।

# दुनिया मेरे आगे : समस्या का सामना करना ही है समस्या का अंत

कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं, जिसको समस्या न हो और कोई समस्या ऐसी नहीं, जिसका समाधान न हो। समस्या के बारे में सोचने से बहाने मिलते हैं और समाधान के बारे में सोचने पर रास्ते मिलते हैं। समस्या में खोए रहने के बजाय सकारात्मक सोचने और समाधान पर ध्यान देने की जरूरत है। जीवन कभी रिक्त नहीं हो सकता और हम आमतौर पर किसी न किसी समस्या से जूझते हैं। सवाल कौंधता है कि क्या जीवन समस्याएं लेकर आता है या उन्हें हम जन्म देते हैं या फिर हमें कोई समस्या सौंपता है। गहनता से पड़ताल हो तो यही पाएंगे कि हमारी अपरिपक्वता और अक्षमताएं ही विकट समस्याओं का रूप धारण करती हैं। हम कहीं न कहीं तन, मन और भावनात्मक स्तर पर अपूर्ण होते हैं। हमारा पूरा चिंतन-मनन बाहरी चीजों से जीवन की पूर्णता में तल्लीन रहता है और बहुधा समस्याएं अस्तित्वमान होकर हमें परेशान करने लगती हैं। मुसीबतें रुई से भरे थैले की तरह हैं। देखते रहेंगे तो भारी दिखेगी और उठा लेंगे तो एकदम हल्की हो जाएंगी। समस्या देखकर जीवन में कभी हार नहीं मानना चाहिए। क्या पता समस्या के अंदर कोई बड़ी शुरुआत छिपी हो। समस्या से भागना समस्या का प्रारंभ है और समस्या का सामना करना समस्या के अंत का प्रारंभ है। विपत्ति से बढ़कर तजुर्बा सिखाने वाला दूसरा कोई विद्यालय नहीं। मात्र शिकायत करके समस्याओं से बचा नहीं जा सकता, जिम्मेदारी उठाकर उसे कम जरूर कर सकते हैं। गृहस्थ जीवन में पति अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का सेतु है। अगर उसने यह जिम्मेदारी परिपक्वता और संतुलन से नहीं निभाई तो संकट आने में देर नहीं लगेगी। समस्याएं यातायात की लालबत्ती की तरह होती हैं। बत्ती हरी हो तो हमारी गाड़ी आगे बढ़ती है। उसी प्रकार धैर्य रखकर प्रयास करना चाहिए, क्योंकि संकट के समय धैर्य धारण करना आधी लड़ाई जीतने के समान है। मुसीबत कुछ भी हो, उसका सामना करना चाहिए। विपत्ति के समय ये सात गुण बचाते हैं- ज्ञान, विनम्रता, बुद्धि, भीतर का साहस, अच्छे कर्म, सच बोलने की आदत और ईश्वर में विश्वास। समस्याएं छोटी-मोटी बीमारी की तरह होती हैं, जो आईं और उनका इलाज हुआ और चली गईं। वे परिपक्व करने के लिए भी आती हैं, ताकि बड़ी समस्याओं का समाधान ताकत और धीरज के साथ कर सकें। कुछ समस्याएं लाइलाज होती हैं, पर सूझ-बूझ से उनको पूरी तरह हल न भी कर सकें तो उनकी धार को कम तो किया ही जा सकता है। बहुत-सी समस्याएं हमारे बोलने के सलीके की पैदाइश हैं। समस्याएं सदा नहीं रहतीं, लेकिन वे हमारे अनुभव की किताब पर हस्ताक्षर करके चली जाती हैं। समस्याओं का अपना कोई आकार नहीं होता। वे हल करने की क्षमता के आधार पर छोटी और बड़ी हो जाती हैं। जैसे बिना चाबी का कोई ताला नहीं बनता, उसी प्रकार बिना समाधान के समस्या नहीं होती। बस धीरज धरकर उसका समाधान करने की जरूरत होती है। जीवन में तीन लोगों को कभी नहीं भूलना चाहिए। मुसीबत में साथ देने वाले को, मुसीबत में साथ छोड़ने वाले को और मुसीबत में डालने वाले को। जीवन में समस्याओं से मिलने वाली सीख को नहीं भूलना चाहिए। समस्या का समाधान करें या समस्या को छोड़ दें, लेकिन समस्या के साथ न जिएं। हम अपनी समस्याओं को उस सोच के साथ नहीं सुलझा सकते, जिस सोच के साथ हमने उनका निर्माण किया है। जब जल गंदा हो तो उसे हिलाते नहीं, बल्कि शांत छोड़ देते हैं, जिससे गंदगी अपने-आप नीचे बैठ जाती है। परेशानी आने पर बेचैन होने के बजाय शांत रहकर विचार करने पर हल जरूर निकलेगा। आपत्ति हमें आत्म-ज्ञान कराती है और यह दिखाती हैं कि हम किस मिट्टी के बने हैं। मुसीबतों से घबराना काम बिगाड़ने जैसा है। संकट में ही मनुष्य की परीक्षा होती है। जो हमारे पद, प्रतिष्ठा और पैसे से जुड़े हैं, वे केवल सुख में हमारे साथ खड़े रहेंगे। यकीनन विपत्ति में साथ बिरला ही कोई देता है। पृथ्वी पर कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं, जिसको समस्या न हो और कोई समस्या ऐसी नहीं, जिसका समाधान न हो। समस्या के बारे में सोचने से बहाने मिलते हैं और समाधान के बारे में सोचने पर रास्ते मिलते हैं। समस्या में खोए रहने के बजाय सकारात्मक सोचने और समाधान पर ध्यान देने की जरूरत है। कठिन परिस्थितियों से डरने के बजाय धैर्य से उसका सामना करना चाहिए। घबराने से स्थिति बिगड़ सकती है, जबकि शांत रहने से समस्या का हल निकलता है। हमारी समस्याओं का आकार उतना बड़ा नहीं होता, जितना उनको हल करने की क्षमता। हम समस्याओं को अपनी योग्यता के मुकाबले ज्यादा आंकते हैं। समस्याओं का अपना कोई आकार नहीं होता। वे हमारी हल करने की क्षमता के आधार पर छोटी और बड़ी होती हैं। जब दिमाग कमजोर होता है, परिस्थितियां समस्या बन जाती हैं। जब दिमाग स्थिर होता है, तब परिस्थितियां चुनौती बन जाती हैं। लेकिन जब दिमाग मजबूत होता है, तब परिस्थितियां अवसर बन जाती हैं।

संघर्ष के मार्ग पर जो वीर चलता है, वही संसार को बदलता है। जवानी में हम मुसीबतों के पीछे भागते हैं और बुढ़ापे में मुसीबतें हमारे पीछे भागती हैं। किसी ने ठीक ही कहा है कि क्रोध के समय थोड़ा रुक जाएं और गलती के समय थोड़ा झुक जाएंगे तो दुनिया की काफी समस्याएं हल हो जाएंगी। समस्याएं और कठिन परिस्थितियां वाशिंग मशीन की तरह हैं, जो रगड़ती हैं, झिंझोड़ती हैं, घुमाती हैं और निचोड़ती हैं। समस्याएं इतनी ताकतवर नहीं हो सकती, जितना हम इन्हें मान लेते हैं। कभी सुना है कि अंधेरों ने सुबह ही न होने दी हो? हर परिस्थिति में उम्मीद का दामन थामे रहना चाहिए। युग-युगांतर से जिंदगी ही समस्या है और जिंदगी ही निदान है। अगर मजबूत रहना है तो आपात स्थिति में हमें डावांडोल नहीं होना चाहिए।

# तैयारीः तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से पहले रोजगार में वृद्धि की है जरूरत

**2014 में भारत दसवें पायदान पर हुआ करता था। उस समय भारत का जीडीपी 18.6 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था और भारत से आगे तब क्रमशः इटली (21.4 खरब डॉलर), ब्राजील (22.1 खरब डॉलर), इंग्लैंड (27.9 खरब डॉलर), फ्रांस (28.1 खरब डॉलर), जर्मनी (37 खरब डॉलर), जापान (52.1 खरब डॉलर), चीन (95.7 खरब डॉलर) तथा सबसे आगे अमेरिका (175.5 खरब डॉलर) थे। इससे साबित होता है कि पिछले एक दशक में भारत के जीडीपी में तकरीबन दो गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह अपने आप में आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस दौरान पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के चलते लगभग दो वर्षों तक आर्थिक मंदी के दौर को देखा है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने तो उस दौरान आजादी के बाद पहली दफा लगभग 25 फीसदी की नकारात्मक विकास दर को भी सहन किया था।**

इन दिनों हर जगह तकरीबन इस बात की ही चर्चा रहती है कि भारत बड़ी तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। पर इस बात के पीछे क्या आर्थिक तथ्य और साक्ष्य हैं? पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा भारत को 2022 में मिला, जब उसने अर्थव्यवस्था के जीडीपी के आकार में इंग्लैंड को पीछे छोड़ा। 2014 में भारत दसवें पायदान पर हुआ करता था। उस समय भारत का जीडीपी 18.6 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था और भारत से आगे तब क्रमशः इटली (21.4 खरब डॉलर), ब्राजील (22.1 खरब डॉलर), इंग्लैंड (27.9 खरब डॉलर), फ्रांस (28.1 खरब डॉलर), जर्मनी (37 खरब डॉलर), जापान (52.1 खरब डॉलर), चीन (95.7 खरब डॉलर) तथा सबसे आगे अमेरिका (175.5 खरब डॉलर) थे। इससे साबित होता है कि पिछले एक दशक में भारत के जीडीपी में तकरीबन दो गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह अपने आप में आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस दौरान पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के चलते लगभग दो वर्षों तक आर्थिक मंदी के दौर को देखा है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने तो उस दौरान आजादी के बाद पहली दफा लगभग 25 फीसदी की नकारात्मक विकास दर को भी सहन किया था। भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का पहली दफा उल्लेख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने किया था। उसने भारत की लगातार चल रही छह और सात फीसदी की वार्षिक आर्थिक प्रगति दर को देखते हुए अनुमान लगाया कि वर्ष 2027 तक भारत का जीडीपी 50 खरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर निकल जाएगा। अभी भारत से आगे चल रहे जर्मनी और जापान तब क्रमश 49.5 खरब डॉलर और 50.8 खरब डॉलर के स्तर पर रहते हुए भारत से पीछे होंगे और तब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। लेकिन इस हकीकत को भी समझना अत्यंत आवश्यक है कि भारत आज भी प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से बहुत पीछे है। अगर इंग्लैंड से ही तुलना की जाए, जिसे पीछे छोड़कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है, तो प्रति व्यक्ति आय में आज भी दोनों देशों में 20 गुना का अंतर है। इसके अलावा, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से वैश्विक रैंकिंग में भारत मात्र छह पायदान ही ऊपर आया है। वर्तमान समय में 189 देशों में से भारत प्रति व्यक्ति आय में 141वें स्थान पर है, जबकि 2013-14 में भारत 147वें स्थान पर था। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी लगभग आधी से ही अधिक हुई है, जबकि जीडीपी दोगुना से अधिक बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012 में भारत में तकरीबन एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 2.29 करोड़ तक जा पहुंची थी, जिसके चलते बेरोजगारी की दर पिछले 10 वर्षों में 2.18 फीसदी से बढ़कर चार फीसदी पर पहुंच गई। इसके अलावा, भारत का कृषि क्षेत्र बहुत पीछे हो चुका है। जीडीपी में उसके अंशदान को बढ़ाना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है, अन्यथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी बहुत आसानी से नहीं की जा सकती। 50 फीसदी जनसंख्या का रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर रहना ही इसका प्रमुख कारण है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र, जो रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, को बड़ी तेजी से मुख्यधारा में लाना होगा। गौरतलब है कि पिछले तीन दशकों से भारत की अर्थव्यवस्था के विकास की बागडोर सेवा क्षेत्र के कंधों पर है। उसने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी है, लेकिन आज भारत में तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जो गरीबी और अमीरी के बीच खाई का प्रतीक है, उसके पीछे भी बहुत हद तक सेवा क्षेत्र है, क्योंकि जीडीपी में सेवा क्षेत्र का अंशदान 50 फीसदी से अधिक है, परंतु रोजगार में इसका अंशदान 30 से 35 फीसदी के बीच में ही है। इसलिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के कद को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में तेजी से बढ़ोतरी अगर एक मकसद के रूप में नहीं रहा, तो तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी भारत एक गरीब मुल्क के तौर पर ही अपनी पहचान रख पाएगा, जो एक कड़वा सच होगा।

# चिंताः ई-कचरे से खतरे में धरती

**पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बढ़ती चाहत हमारे वातावरण का गला घोंट रही है। ई-कचरे पर संयुक्त राष्ट्र की %द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर- 2024% रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। वर्ष 2010 के बाद से इसमें 82 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अगर ई-कचरा ऐसे ही बढ़ता रहा, तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर यह 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरा प्रति वर्ष 23 लाख टन की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों ने हमारी जिंदगी को आसान बनाया, अब वे ही हमारी जिंदगी में जहर घोल रहे हैं।**

ई-कचरे पर संयुक्त राष्ट्र की %द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर- 2024% रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। वर्ष 2010 के बाद से इसमें 82 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सबके पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप जैसे बहुत से इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं, जिन्हें खराब हो जाने पर हम कचरे में डाल देते हैं। पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बढ़ती चाहत हमारे वातावरण का गला घोंट रही है। ई-कचरे पर संयुक्त राष्ट्र की %द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर- 2024% रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। वर्ष 2010 के बाद से इसमें 82 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अगर ई-कचरा ऐसे ही बढ़ता रहा, तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर यह 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरा प्रति वर्ष 23 लाख टन की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों ने हमारी जिंदगी को आसान बनाया, अब वे ही हमारी जिंदगी में जहर घोल रहे हैं। ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है, जब इसका सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है, जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। बहुत से ऐसे देश हैं, जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है, लेकिन उसके संग्रहण एवं पुनर्चक्रण का उचित प्रबंधन नहीं किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में उत्पन्न हुए ई-कचरे का सिर्फ 22.3 प्रतिशत हिस्सा ही एकत्रित और पुनर्चक्रित हो पाया था। वर्ष 2030 तक इसके संग्रहण और पुनर्चक्रण की दर घटकर सिर्फ 20 फीसदी रह जाएगी। दुनिया का करीब एक तिहाई यानी 2,000 करोड़ किलोग्राम ई-कचरा खिलौनों, माइक्रोवेव ओवन, वैक्यूम-क्लीनर और ई-सिगरेट जैसे छोटे उपकरणों से पैदा हो रहा है। जिस तरह से जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया की समस्या है, ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी पूरे विश्व की समस्या है। दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अगर इस ई-कचरे को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए, तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को कतार में खड़ा किया जाए, तो ये भूमध्यरेखा के चारों ओर एक लाइन बना सकते हैं। वैश्विक स्तर पर ई-कचरे की रीसाइक्लिंग की दर मात्र 12 फीसदी है। बड़ी मात्रा में ई-कचरे को नदियों, समुद्रों में बहा दिया जाता है,जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट %चिल्ड्रन ऐंड डिजिटली कनेक्टेड साइट% के मुताबिक, 1.29 करोड़ महिलाएं ई-कचरे से जुड़े क्षेत्र में काम करती हैं। ये महिलाएं या तो ई-कचरा जमा करती हैं या पुनर्चक्रण के काम में लगी हुई हैं। ई-कचरे के संपर्क में आने पर इन महिलाओं की सेहत पर तो असर पड़ता ही है, उनके गर्भ में पलते अजन्मे बच्चे पर भी असर पड़ता है। इसी तरह करीब 1.8 करोड़ बच्चे और किशोर, जिनमें से कई पांच वर्ष से भी कम उम्र के हैं, भी इस काम में जुटे हुए हैं। ई-कचरे में मौजूद सीसा और पारा इन बच्चों की दिमागी क्षमता को नुकसान पहुंचा सकता है। ई-कचरे के पुनर्चक्रण से न केवल पर्यावरण बचेगा, बल्कि इससे कीमती धातुओं को भी बचाया जा सकता है। जैसे, वर्ष 2022 में जो ई-कचरा इकट्ठा हुआ, उसमें 7.50 लाख करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातुएं थीं। भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने के मामले में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 तक भारत में 16 लाख टन ई-कचरा पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 1.4 करोड़ टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इससे निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। देश में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की अंतिम तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी। इसके बाद इनका उपयोग बंद करना होगा। जिस तरह से पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग का काम %रीसाइक्लिंग एजेंसी% करती है, उसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान के कलेक्शन और स्क्रैपिंग का काम भी %प्राइवेट एजेंसियां% कर रही हैं।



# टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय पारी का आगाज रोहित शर्मा के बजाया, विराट कोहली करें - अजय जड़ेजा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने 2 जून को वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत के ओपनिंग कॉम्बिनेशन में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जयसवाल और विराट कोहली को टीम का टॉप बल्लेबाज के रुप में रखा गया है। इसी पर पिछले कई हफ्तों में भारत की संभावित ओपनिंग जोड़ी पर खूब चर्चा हुई। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने इस मामले को सुलझाने के लिए एक सुझाव दिया है।



जियो सिनेमा से बात करते हुए अजय जडेजा ने मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय पारी का आगाज रोहित शर्मा के बजाया, विराट कोहली करें। उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अजय जडेजा ने कहा कि आईपीएल में आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करते हुए जबरदस्त फार्म में हैं। अभी तक कोहली 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से 500 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हैं।

**रोहित को मिल जाएगा समय**

अजय जडेजा ने कहा, मेरे हिसाब से विराट कोहली को ओपनिंग करनी चाहिए। कौन पीछे जाता है? रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। उन्हें थोड़ा आराम मिलता है और खेल को समझने में मदद मिलती है, एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा है। आप जानते हैं कि निरंतरता ही वह चीज है जो आपको मिलेगी, इसलिए, उसका उपयोग भी कर सकते हैं, वह शीर्ष पर सर्वश्रेष्ठ है और पावरप्ले के में आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**ऐसा रहा है विराट कोहली का रिकॉर्ड**

बता दें कि कोहली ने अब तक टी20 में नौ बार ओपनिंग की है। इस दौरान 57.14 की औसत और 161.29 की स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। एशिया कप 2022 के दौरान बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ अपना 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया था।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया नंबर-1, भारत फिसलकर दूसरे स्थान पर आया, वनडे और टी-20 में इंडिया टॉप पर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया अब क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 नहीं रही है। शुक्रवार को जारी ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की टीम टेस्ट क्रिकेट में नंबर-1 बन गई है। भारत दूसरे स्थान पर फिसल गया है। हालांकि, वनडे और टी-20 में टीम इंडिया अब भी सिरमौर बनी हुई है।

टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। भारत 4 पॉइंट्स पीछे 120 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। इंग्लैंड तीसरे और साउथ अफ्रीका चौथे नंबर पर है।




यह बदलाव आईसीसी रैंकिंग में सालाना अपडेट की वजह से आया है। इस अपडेट में भारत की 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से सीरीज जीत को बाहर कर दिया गया है।

आईसीसी की रैंकिंग में पिछले तीन साल के मैच शामिल होते हैं। इसमें जो साल सबसे ताजा होता है उसके मैचों की 100 प्रतिशत संख्या को रैंकिंग में शामिल किया जाता है। उससे पहले के दो सालों के मैचों का वेटेज 50त्न होता है। मई 2021 से मई 2023 तक टीमों ने जितने मैच खेले उसके 50 प्रतिशत मुकाबले रैंकिंग में शामिल हैं। वहीं, मई 2023 के बाद से अब तक हुए सभी मैचों को रैंकिंग में शामिल किया गया है। यहां से अगले मई तक जितने मैच होंगे वे सभी रैंकिंग में शामिल होंगे। 2025 की मई में फिर सालाना अपडेशन किया जाएगा। तब मई 2021 से 2022 तक हुए मुकाबले रैंकिंग से बाहर हो जाएंगे। भारत भले ही आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने उन पर अपनी बढ़त तीन से 6 पॉइंट तक बढ़ा ली है और 122 अंकों के साथ टेबल में टॉप पर है। टॉप 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर कब्जा जमा लिया है। तीसरे स्थान पर मौजूद साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 पॉइंट दूर था, अब यह फासला कम होकर 4 पॉइंट का रह गया है। जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से सिर्फ दो अंक पीछे है।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 5 टी-20 मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में मेजबान बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही विमेंस टीम इंडिया ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन बनाए। ओपनर दिलारा अख्तर ने सबसे ज्यादा 39 रन की पारी खेली। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 121 रन बना लिए और मैच के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम कर लिया। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 51 रन (38 बॉल) और स्मृति मंधाना ने 47 रन (42 बॉल) रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट की पार्टनरशिप में 91 रन जोड़े। शेफाली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



**बांग्लादेश की तीन बल्लेबाज रन आउट हुई**

बांग्लादेश की ओर से सिर्फ 3 बल्लेबाज डबल डिजिट में पहुंच सकी। दिलारा के अलावा कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 और शोभना मिस्त्री ने 15 रन बनाए।

बांग्लादेश की तीन बल्लेबाज रन आउट हुई। 118 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी की। शेफाली ने 38 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 51 रन बना, जबकि स्मृति मंधाना ने 42 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का की मदद से 47 रनों की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

# क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन, फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के डेवोन थॉमस को 5 साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया है। उन पर श्रीलंका, यूएई और वेस्टइंडीज की क्रिकेट लीग में फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जिसे उन्होंने कबूल कर लिया, जिस कारण आईसीसी ने उन्हें सजा दी।

आईसीसी ने बताया कि 34 साल के थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट, एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग ने करप्शन के 7 आरोप लगाए थे। थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल किया, जिस कारण उनकी सजा को 18 महीने कम किया गया। उनकी सजा 23 मई 2023 को शुरू हुई, यहां से 22 मई 2028 तक वह इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे।



आईसीसी के जनरल मैनेजर एलेक्स मार्शल ने कहा, इंटरनेशनल और घरेलू दोनों तरह के प्रोफेशनल क्रिकेट खेल चुके थॉमस ने कई बार एंटी-करप्शन की ट्रेनिंग ली है। इसके बावजूद उन्होंने 3 देशों की फ्रेंचाइजी लीग में करप्शन को बढ़ावा दिया। उन्हें मिली सजा बाकी प्लेयर्स के लिए उदाहरण का काम करेगी।

**वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं थॉमस**

विकेटकीपर डेवोन थॉमस वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने एक टेस्ट, 21 वनडे और 12 टी-20 खेले हैं। उनके नाम 300 से ज्यादा रन हैं। वह पार्ट टाइम बॉलिंग भी कर लेते हैं, उनके नाम 4 विकेट हैं। उन्होंने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप भी खेला है।

# एमआरएफ का चौथी-तिमाही में मुनाफा 7.6 प्रतिशत घटकर 379 करोड़, आय 8.55 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में टायर बनाने वाली सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी एमआरएफ यानी मद्रास रबर फैक्ट्री ने शुक्रवार (3 मई) को फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत घटकर 379.6 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा 410.66 करोड़ रहा था। वहीं पिछली तिमाही में ये 508.02 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 25.27 प्रतिशत घटा है। रिजल्ट के साथ ही एमआरएफ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपने निवेशकों को प्रति शेयर 194 रुपए का डिविडेंड, यानी लाभांश देने की भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। ऑपरेशंस से चौथी तिमाही में एमआरएफ का स्टैंडअलोन रेवेन्यू (आय) सालाना आधार पर 8.55 प्रतिशत बढ़कर 6,215.05 करोड़ रहा। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 5,725.39 करोड़ रुपए रहा था। पिछली तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन रेवेन्यू 6,047.79 करोड़ रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का रेवेन्यू 2.76 प्रतिशत बढ़ा है। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी के स्टैंडअलोन मुनाफे में 150.04 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एफवाई 24 में कंपनी का स्टैंडअलोन मुनाफा 2,040.95 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष यानी FY23 में स्त्र्त्र का मुनाफा 816.23 करोड़ रुपए रहा था।



रिजल्ट आने के बाद एमआरएफ का शेयर 4.14 प्रतिशत गिरकर 1,28,325 रुपए पर कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी 54.52 हजार करोड़ रुपए हो गया है।

बीते एक महीने में कंपनी का शेयर 5.78 प्रतिशत घटा है। वहीं पिछले छह महीने में इसका शेयर 19.11 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 37.15 प्रतिशत रिटर्न दिया।

एमआरएफ के शेयर्स ने जनवरी में इतिहास रच दिया था।

एमआरएफ के स्टॉक ने 17 जनवरी को कारोबारी सत्र में 1.5 लाख रुपए का रिकॉर्ड आंकड़ा पार कर लिया था। इसके साथ ही ऐसा करने वाली एमआरएफ भारत की पहली कंपनी बन गई है।

स्टॉक ने ट्रेडिंग सेशन के दौरान 1,50,254.16 रुपए का ऑल टाइम हाई और 52 वीक हाई भी बनाया था। हालांकि, यह 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,34,600.05 रुपए पर बंद हुआ था। कारोबारी सत्र की शुरुआत में इसका शेयर 1,35,870 रुपए पर ओपन हुआ था।

एमआरएफ का शेयर साल 2000 में 1000 रुपए का था। वहीं 2012 में यह 10,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा। इसके बाद 2014 में इस स्टॉक (शेयर) ने 25,000 रुपए का आंकड़ा छुआ था। फिर ये 2016 में 50,000 रुपए पर पहुंचा।

साल 2018 में 75,000 और जून 2022 को एमआरएफ के शेयर ने 1 लाख का स्तर पार किया था। वहीं एमआरएफ का स्टॉक 1.5 लाख रुपए के आंकड़े को भी पार कर चुका है।

# डाबर बोला—भारत में बिकने वाले मसालों में नहीं मिलाते कीटनाशक

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया भारतीय बाजार में बिकने वाले मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (कीटनाशक) नहीं मिलाता है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में यह बात कही। डाबर ने बताया कि एक्सपोर्ट किए जाने वाले मसालों में इसे तय मानकों के मुताबिक ही मिलाया जाता है।

कंपनी का बयान ऐसे समय में आया है जब देश की दो बड़ी मसाला कंपनियों एवरेस्ट और स्ख॥ पर सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग और मालदीव की सरकार ने प्रोडक्ट्स की बिक्री पर बैन लगा दिया है। अमेरिका और भारत की फूड सेफ्टी अथॉरिटीज जांच कर रही हैं।

डाबर के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा हम निर्धारित सीमा के भीतर हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सुरक्षित हैं। कंपनी ने बताया कि एथिलीन ऑक्साइड के बजाय, एक्सपोर्ट बैच के लिए स्टीम स्टरलाइजेशन किया जाएगा। इसके लिए एक माइक्रो लैब भी बानाया गया है।



कंपनी ने बताया कि उसके मसाला पोर्टफोलियो बादशाह ब्रांड से बिकने वाले डाबर के मसालों पर कहीं बैन नहीं है। मसालों को खराब होने से रोकने के लिए एथिलीन ऑक्साइड मिलाया जाता है, लेकिन ज्यादा अमाउंट में मिलाए जाने पर इससे कैंसर का खतरा हो सकता है।

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी FSSAI ने अब अधिकारियों को लोकल और विदेशी बिक्री के लिए करी पाउडर और मिक्स्ड मसाला ब्लेंड्स बनाने वाली कंपनियों पर नजर रखने को कहा है। इसके साथ ही सभी मसाला पाउडर बनाने वाली कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का इंस्पेक्शन, सैंपलिंग और टेस्टिंग करने का भी आदेश दिया है। सैंपल में लिए गए हर प्रोडक्ट की क्वालिटी और सेफ्टी पैरामीटर्स के कंप्लायंस यानी अनुपालन के लिए एनालिसिस किया जाएगा। एजेंसी ने कहा कि सभी कंपनियों के प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड की प्रेजेंस की भी जांच की जाएगी। जिसका यूज भारत में बैन है, और टेस्टिंग पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड**


हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि एमडीएच ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। वहीं एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है।

**कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा**

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है।

# सेंसेक्स में ऊपरी स्तर से 1,217 अंकों की गिरावट, ये 73,878 के स्तर पर बंद हुआ

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 3 मई को शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कारोबार के दौरान निफ्टी ने 22,794 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद ये यह नीचे आकर 172 अंक की गिरावट के साथ 22,475 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स दिन के हाई 75,095 से 1,217 अंक गिरा। ये 732 अंक की गिरावट के साथ 73,878 के स्तर पर बंद हुआ। इसके 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी देखने को मिली।



एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो ज्यादातर सेक्टर में गिरावट देखने को मिली। निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 1.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.98 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.76 प्रतिशत, निफ्टी आईटी में 0.89 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.85 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

इससे पहले कल यानी 2 मई शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 128 अंक की बढ़त के साथ 74,611 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 43 अंक की तेजी रही। ये 22,648 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में बढ़त और 12 में गिरावट देखने को मिली। पावर, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त देखने को मिली थी। वहीं गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयर में 7.14 प्रतिशत की गिरावट थी।

# एपल 9.18 लाख करोड़ के शेयर वापस खरीदेगी

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी एपल ने इतिहास के सबसे बड़े शेयर बायबैक का ऐलान किया है। इसके जरिए कंपनी 110 बिलियन डॉलर (करीब 9.18 लाख करोड़) के शेयर वापस खरीदेगी। आज यानी शुक्रवार (3 मई) को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजों की घोषणा के साथ कंपनी ने यह ऐलान किया है। कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर लुका मेस्त्री ने बायबैक के फैसले पर कहा कि प्रोडक्ट सेल में रिकॉर्ड बढ़ोतरी से एपल के फ्यूचर और उसके स्टॉक्स की वैल्यू को लेकर कंपनी का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।हमारे प्रोडक्ट्स की सेल ने ऑल टाइम हाई दर्ज किया है।

**जनवरी-मार्च तिमाही में एपल की कमाई 7.57 लाख करोड़**

जनवरी-मार्च तिमाही में एपल ने 90.8 बिलियन डॉलर (करीब 7,57,459 करोड़ रुपए) की कमाई की है। सालाना आधार पर इसमें 4त्न की कमी आई है। इस दौरान 23.6 बिलियन डॉलर (करीब 1,96,870 करोड़ रुपए) का मुनाफा दर्ज किया है। रिजल्ट के साथ शेयरहोल्डर्स को 0.25 डॉलर (करीब 20.86 रुपए) डिविडेंड यानी लाभांश देने का भी ऐलान किया है।

**कंपनी के शेयर में 6 प्रतिशत तक की तेजी रही**

रिजल्ट की घोषणा के बाद 3 मई कोअमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज ह्वस्ष्ठक्तमें ट्रेडिंग के दौरान कंपनी के शेयर में 6त्न से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। हालांकि बाद में इसमें थोड़ी कमी आई और यह 2.20त्न की बढ़कर 173.03 डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। एपल का मार्केट कैपिटलाइजेशन 222.76 लाख करोड़ रुपए है। एपल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के बीच एपल ने भारतीय मार्केट में रिकॉर्ड डबल डिजिट में ग्रोथ दर्ज की है। उन्होंने भारत को अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार बताते हुए कहा कि भारत हमारे मेजर फोकस में हैं। एपल डेवलपर से लेकर मार्केट ऑपरेशन तक, पूरे ईकोसिस्टम पर काम कर रहा है।

**भारत में एपल का सेल डबल डिजिट में**

कंपनी ने रिजल्ट में भारतीय सेल्स के आंकड़े अलग से जारी नहीं किए हैं। लेकिन, ष्ट्भ्रह्र टिम कुक के मुताबिक, भारत में एपल का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। कंपनी के भारत में दो स्टोर हैं। इनमें से एक नई दिल्ली और दूसरी मुंबई में हैं।हाल ही में इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत में एपल के दोनों ऑफिशियल स्टोर्स ने अलग-अलग 190-210 करोड़ रुपए का रेवेन्यू दिया है। इस ग्रोथ के साथ ही दोनों भारतीय स्टोर्स दुनिया भर के टॉप टॉप-परफॉर्मिंग रिटेल आउटलेट्समें शामिल हो गए है।रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के मुंबई और दिल्ली स्टोर ने अपने लॉन्च के बाद से लगातार 16-17 करोड़ रुपए की मंथली एवरेज सेल्स दर्ज की है।

# पुलिस के जवानों ने धधकती लपटों के बीच जाकर बुझाई आग

## 23वीं/25वीं बटालियन के परेड ग्राउंड भदभदा में हुई मॉक ड्रिल, जवानों को दिया गया अग्नि संबंधी प्रशिक्षण

**भोपाल,** मध्यप्रदेश पुलिस की 23वीं व 25वीं वाहिनी विस बल द्वारा शुक्रवार को भदभदा रोड स्थित परेड ग्राउंड में अग्नि नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण पुलिस के जवानों को दिया गया। इस दौरान आधुनिक उपकरणों द्वारा आग बुझाने की मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के दौरान तरल पदार्थों में लगी आग को पुलिस के जवानों ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग से किस तरह आसानी से आग बुझाई जा सकती है, इसका प्रशिक्षण प्राप्त किया। पुलिस जवानों ने एल्यूमीनियम सूट पहनकर चार मिनट के भीतर किस तरह अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती है और अग्निकांड में प्रॉक्सीमेटी सूट स्वयं की सुरक्षा करते हुए कैसे आग पर काबू पाया जा सकता है इसका प्रशिक्षण दिया गया। बिल्डिंगों, घरों, गोदामों आदि में लगी आग को धुएं और लपटों से बचकर किस तरह बुझाया जा सकता है, इसका प्रशिक्षण दिया गया। मॉकड्रिल में प्रमुख रूप से सेंट्रल रेंज एसएएफ के डीआईजी अमित कुमार सांघी, 25वीं वाहिनी विसबल के कमांडेंट राजेश सिंह चंदेल, 23वीं वाहिनी विसबल के कमांडेंट अजय पांडे सहित बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

आग बुझाने का प्रशिक्षण आवश्यक ः- डीआईजी अमित सांघी

प्रशिक्षण के उपरांत डीआईजी अमित सांघी ने कहा कि वर्तमान समय में आग से निपटना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पुलिस परिवार के लिए समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे जवान जोखिम उठाकर नागरिकों के जीवन की रक्षा करते हैं। किसी भी अप्रिय घटना के दौरान हमें ऐसे जवानों पर गर्व है। साथ ही अधिक से अधिक पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए।

इन उपकरणों का दिया प्रशिक्षण ः-

मॉकड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने में प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस फायर स्टेशन मंत्रालय, भोपाल के प्रभारी







शिवनारायण शर्मा ने आग बुझाने के दौरान प्रयोग में आने वाले कलेक्टिंग ब्रिज, डिवाइडिंग ब्रिज, फायर मेन हेलमेट, फोम नोजल, अग्निशमन सिलेंडर एवं कॉर्टेज, टॉर्च, रिवॉल्विंग नोजल, यूनिवर्सल ब्रांच, न्यू लाइट(ब्रांच), ऑर्डनरी ब्रांच, एडॉप्टर, जाली, फायर मेन एक्स, लॉक कटर, प्रॉक्सीमेटी सूट, एल्यूमिनियम सूट, कैमिकल सूट, ब्रीदिंग ऑपरेटर सेट, लाइफ जैकेट, हौज पाइप, फायर ब्लैंकेट, अग्निशमन यंत्र आदि की जानकारी दी।

आग को बुझाने में बरतें सावधानी ः-

प्रशिक्षण के दौरान शर्मा ने बताया कि आग को पांच तरह की होती है, जिन्हें बुझाने का तरीका भी अलग-अलग होता है। उन्होंने बताया कि इन्हें ए से इ तक की श्रेणी में रखा गया है। लकड़ी-कोयला में लगी छोटी आग को ए क्लास में रखा गया है। तरल पदार्थों में लगी आग को बी क्लास, गैसों में लगी आग को सी क्लास, मेटल में लगी आग को डी क्लास और इलेक्ट्रिक आग को ई क्लास की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी आग को पानी या कैमिकल की मदद से बुझाया जाता है।

आग पर इन नंबरों पर करें सूचित ः-

आग की सूचना देने के लिए भोपाल में एमपीईबी के हेल्पलाइन नंबर 0755-2678251, 0755-2678369 पुलिस का हेल्पलाइन नंबर 0755-2555922, पुलिस फायर स्टेशन का हेल्पलाइन नंबर 0755-2441008 और नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 0755-2542222 पर कॉल कर किया जा सकता है।

अग्नि दुर्घटना होने पर यह करें ः-

फायर ब्रिगेड, पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस थाना, विद्युत विभाग कार्यालय एवं चिकित्सालय को सूचना दें।

फायर फायटिंग दल फायर एक्सटिंग्यूशर अथवा पानी या रेत से अग्नि को प्रारंभिक स्थिति में बुझाएं। भवन के विद्युत प्रवाह को मेन स्विच से तत्काल कट-ऑफ करें।

फायर अलार्म दल सभी को अग्नि दुर्घटना की चेतावनी अलार्म बजाकर दें ।

बचाव दल (इवेक्युएशन टीम) बिल्डिंग के व्यक्तियों को पूर्व निर्धारित योजना अनुसार सुरक्षित रास्तों से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाएं ।

भगदड़ नहीं करें । लिफ्ट का प्रयोग कतई न करें । संपत्ति बचाव दल महत्वपूर्ण व मूल्यवान सम्पत्ति को बाहर निकालें । अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों जैसे-पैट्रोल, कैरोसिन, प्लास्टिक, आदि को अग्नि दुर्घटना स्थल से दूर करें।

# देश के होनहार युवा शोधकर्ता यशवंत आदित्य ने देश का नाम रोशन किया

## यशवंत आदित्य को एआई संचालित व्यक्तिगत और व्यावसायिक वित्तीय सलाहकार में एक नए पेटेंट से सम्मानित किया गया




The Patent Office, Government Of India
Certificate of Registration of Design

**नईदिल्ली।** डिज़ाइन अधिनियम 2000 और डिज़ाइन नियम 2001 के प्रावधानों के तहत, यशवंत आदित्य को 'स्मार्ट फाइनेंशियल गाइडेंस डिवाइस (एआई-पावर्ड पर्सनल एंड बिजनेस फाइनेंशियल एडवाइजर)' डिज़ाइन नंबरः 408438-001, 14-02 क्लास के लिए डिज़ाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह अभिनव उपकरण एक स्मार्ट वित्तीय मार्गदर्शन उपकरण के रूप में कार्य करता है, जो व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए व्यक्तिगत वित्तीय सलाह और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। ऐसी दुनिया में जहां वित्तीय निर्णय भारी हो सकते हैं, इस उपकरण को प्रक्रिया को सरल बनाने और उपयोगकर्ताओं को सूचित विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बजट और निवेश रणनीतियों से लेकर व्यय ट्रैकिंग और जोखिम मूल्यांकन तक, यह वित्त की जटिलताओं से निपटने के लिए आपका विश्वसनीय साथी है। वित्तीय प्रौद्योगिकी के विकास में योगदान देने के लिए वित्त के क्षेत्र में यह यशवंत की एक बड़ी उपलब्धि है ।



यशवंत ने अपने करियर की शुरुआत भोपाल, एमपी से वर्ष 2012 में की। वर्तमान में वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही वह यूके स्थित एआई फर्म 'नॉक्सेडएआई' के सह-संस्थापक भी हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें भारत देश प्रसिद्ध उद्योगपति और व्यापार विशेषज्ञों ने बधाई दी है। यशवन्त ने मीडिया को बताया कि वह वित्तीय परिदृश्य में निरंतर नवप्रवर्तन और इनोवेशन के लिए उत्सुक हैं। उक्त पेटेंट में यशवंत के अन्य सहभागी डॉ. प्रभा श्रीराज, डॉ. सी धिलीपन, डॉ. प्रीति नवीन यादव और नरेंद्र सिंह हैं। यह पेटेंट उन्हें 10 वर्षों के लिए पेटेंट, डिज़ाइन और ट्रेडमार्क के महानियंत्रक, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अनुदत्त किया गया है।

# मेडिक्लेम प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय के कारण 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देर : सर्वे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे।

अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रकियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा सर्वे में बीमा दावों की प्रक्रिया के दौरान रोगी के परिवारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें 10 में से लगभग चार उत्तरदाताओं ने दावा प्रक्रिया के संबंध में ग्राहक सेवा में कठिनाई का सामना करने की बात मानी है।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है। लगभग 10 में से 4 लोगों के पास अपनी पॉलिसी के नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता की कमी थी। इतना ही नहीं, करीब 18 प्रतिशत लोगों ने दावे की स्थिति के संबंध में अपनी बीमा कंपनियों से प्राप्त कम्युनिकेशन पर असंतोष व्यक्त किया।

परिणामों पर बोलते हुए, डा. वैभव कपूर, सह-संस्थापक, प्रिस्टीन केयर, ने कहा, कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस के लिए बताई गई सुविधा और पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की गई वास्तविकता के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। सर्वेक्षण में शामिल 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कैशलेस बीमा होने के बावजूद, एक महत्वपूर्ण संख्या को अभी भी दावा प्रक्रिया के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह पहले से ही बीमारी से जूझ रहे रोगियों और परिवारों के लिए अतिरिक्त तनाव पैदा करता है। हालांकि, यह जानना उत्साहजनक है कि बीमा कंपनियों ने प्रक्रिया को त्वरित और सुचारू बनाने के लिए पहले ही डिजिटलीकरण और तकनीक का उपयोग करना शुरू कर दिया है। तकनीकी नवाचारों को अपनाकर, बीमा कंपनियां न केवल पॉलिसीधारकों के सामने आने वाली मौजूदा चुनौतियों का सामाधान कर रही है, बल्कि अधिक कुशल और ग्राहक-केंद्रित बीमा इकोसिस्टम का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं। जैसे-जैसे डिजिटलीकरण आगे बढ़ रहा है, इससे स्वास्थ्य बीमा की पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद मिल रही है, जिससे अंततः गंभीर बीमारी के दौरान मरीजों और उनके परिवारों को लाभ होगा।

पीडब्ल्यूसी के मुताबिक, दावा प्रक्रिया में एआई और एमएल के उपयोग से प्रसंस्करण समय 90 प्रतिशत तक कम हो सकता है। एक सुव्यवस्थित स्वास्थ्य बीमा प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। यह गंभीर बीमारी के समय तत्काल वित्तीय बोझ को समाप्त करता है, जिससे मरीज और परिवार को उपचार पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। टेक्नोलॉजी एक शक्तिशाली समाधान प्रदान करती है। कई बीमा कंपनियां अब सुविधाजनक पॉलिसी प्रबंधन के लिए यूजर्स के अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में प्रगति बीमा कंपनियों को दावों को तेजी से और अधिक सटीकता के साथ प्रोसेस करने में सक्षम बना रही है।

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में, भारत के 49 प्रतिशत अस्पतालों में कैशलेस सेटलमेंट सेवाएं उपलब्ध हैं। महंगे चिकित्सा बिलों और झूठे दावों के जवाब में बीमा कंपनियों से भुगतान बढ़ाने के उद्देश्य से जनरल और हेल्थ दोनों बीमा कंपनियां संबद्ध अस्पतालों के अपने रोस्टर को अपडेट करती हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, बीमा नियामक, जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के सहयोग से, एक राष्ट्रव्यापी कॉमन कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क स्थापित करने का काम कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य बीमा दावा निपटान प्रक्रिया का विस्तार करना और इसे सुव्यवस्थित बनाना है।

# महज़ नौ साल की उम्र में, इतने उच्च स्तर पर परफॉर्म करना असाधारण है; निशांत गुप्ता की तारीफ में बोलीं नेहा कक्कड़

इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का होमग्रोन किड्स सिंगिंग रियलिटी शो, 'सुपरस्टार सिंगर 3' 'आरडी 40 स्पेशल' में महान आरडी बर्मन की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हुए आपको पुरानी यादों के सफर में ले जाएगा। भारतीय सिनेमा के प्रति आरडी बर्मन के योगदान के 40 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए, प्रतियोगी अपने कैप्टन्स के साथ '40 अनोखे गानों' पर परफॉर्म करेंगे, जो कि संगीत के दिग्गज 'आरडी बर्मन' के बेहद प्रसिद्ध हिट्स रहे हैं। तो, इस उत्साह भरे एपिसोड के साथ कुछ दिलचस्प जानकारियों और कीमती यादों के लिए तैयार हो जाइए।



अपनी प्रतिभा को बखूबी प्रदर्शित करके, मोहम्मद दानिश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, गुरुग्राम के 9 वर्षीय निशांत गुप्ता, 1980 के दशक की फिल्म 'खूबसूरत' के गाने 'पिया बावरी' की अपनी क्लासिकल प्रस्तुति से सभी को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इस नन्हें प्रतिभाशाली कलाकार के दिल छू लेने वाले एक्ट का समापन होते-होते सुपर जज नेहा कक्कड़ और कैप्टन्स के रोंगटे खड़े हो गए, और उसने जितनी आसानी से हाई नोट्स लिए उससे यह एक यादगार परफॉर्मेंस बन गई।

उत्साहित सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, 'हे भगवान, मैं अवाक हूँ! महज़ नौ साल की उम्र में, इतने उच्च स्तर पर परफॉर्म करना असाधारण है। मुझे यह बात बेहद पसंद आई कि उन्होंने खुद के लिए गाना गाया, जिसमें अपनी कला के प्रति उनका सालों का समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई दे रही थी। ऐसे ही मेहनत करते रहें। मैं इस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनकर खुद को खुशनसीब महसूस कर रही हूँ।'

कैप्टन सलमान अली ने कहा, 'आपके परफॉर्मेंस ने हमें भाव-विभोर कर दिया। नेहा मैम ने बिल्कुल सही कहा है, इतने उच्च स्तर पर परफॉर्म करने के लिए दशकों के अभ्यास की ज़रूरत होती है, और आपकी कला व आपकी शानदार प्रस्तुति को सलाम। ऐसा लगा, मानो आप कोई छोटे उस्ताद नहीं, बल्कि 'बड़े उस्ताद' हों। आप काफी अच्छा गाते हैं, लेकिन आज आपने जो किया, वह बेहतरीन था। आप इस क्लासिकल स्टाइल के राजा हैं; इस स्टाइल में आपकी बहुमुखी प्रतिभा किसी की पहुँच से परे है, इसलिए इसमें मेहनत करते रहें। ढेरों शुभकामनाएँ।' निशांत की खुशी का तब ठिकाना नहीं रहा, जब सफल श्रेया घोषाल के इंस्टाग्राम कमेंट का एक स्क्रीनशॉट दिखाया गया, जिसमें उन्होंने निशांत के एक परफॉर्मेंस पर टिप्पणी की थी और बताया था कि वे उनकी गायन क्षमता से कैसे हैरान थीं। सुपरस्टार सिंगर 3 देखें, हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर!


# ग्राम गाजीखेड़ा में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुरैना जिले में स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बनबारा के ग्राम गाजीखेड़ा में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मतदान केंद्रों पर सफाई करते हुए समूह की दीदियों को जागरूक किया। उन्हें आओ चले बूथ पर स्वीप सखी एवं स्व-सहायता समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया।जिसमें अपने बूथ की साफ सफाई, रैली निकालकर जागरूकता से संबंधित नारे लगाना, निष्पक्ष मतदान करने के लिये घर-घर जाकर पीले चावल देकर लोगों को 7 को मतदान केंद्र पर आकर वोट डालने के लिये आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।

# सोनी सब के 'वागले की दुनिया' में हार्ट अटैक की वजह से श्रीनिवास की हालत गंभीर

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' उन रोज़मर्रा की चुनौतियों को दिल छूने वाले ढंग से दर्शाता है, जिनका सामना आम आदमी करता है, जहां वागले परिवार हर सुख-दुःख में एक साथ रहता है। हाल के एपिसोड्स में, श्रीनिवास (अंजन श्रीवास्तव) को आधी रात में दिल का दौरा पड़ता है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है।



आगामी एपिसोड में, डॉक्टर वागले परिवार को दिल दहला देने वाली खबर देता है कि श्रीनिवास की हालत गंभीर है, और उनके गंभीर हॉर्ट ब्लॉकेज के इलाज के लिए ऑपरेशन करने की आवश्यकता है, जो कि काफी महँगा है। राजेश (सुमीत राघवन) और परिवार को सर्जरी के लिए पर्याप्त धन जुटाने का चुनौतीपूर्ण काम करना पड़ रहा है। भले ही श्रीनिवास नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चों पर कर्ज़ का बोझ पड़े, लेकिन राजेश किसी भी कीमत पर अपने पिता की जान बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भावनाएँ अपने चरम पर हैं और श्रीनिवास की जान अधर में लटकी हुई है। ऐसे में, राजेश बहुत देर होने से पहले पैसा इकट्ठा करने के मिशन पर निकल पड़ता है।

**क्या किसी बेटे की असहायता उसकी जिम्मेदारियों पर भारी पड़ जाएगी?**

राजेश वागले की भूमिका निभा रहे, सुमीत राघवन ने कहा, 'ऐसे पलों में, पारिवारिश बंधनों को अभूतपूर्व परीक्षा से गुज़रना पड़ता है। राजेश का संघर्ष केवल पैसों की व्यवस्था करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अपने पिता के प्रति उसके प्यार और ज़िम्मेदारी का प्रतीक भी है। श्रीनिवास की मौजूदगी पूरे वागले परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो उन सभी को मार्गदर्शन और प्रेरणा देती है। सबसे छोटे पोते से लेकर अपने बेटों, राजेश और मनोज, और उनकी पत्नी राधिका तक, श्रीनिवास सभी को एक साथ रखते हैं। यह कहानी बेहद भावुक है, और दर्शक यह देखकर द्रवित हो जाएँगे कि एक बेटा अपने पिता के इलाज के लिए किस हद तक जा सकता है।' वागले की दुनियाः नई पीढ़ी, नए किस्से देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार को रात 9:00 बजे, केवल सोनी सब पर

# कुशल बद्रीके ने हेमांगी कवि और आतिशा नाइक के साथ 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अपने आगामी गैग पर की बात

इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में कई बातें पहली बार देखने को मिलेंगी। इसके 'पहली बार' थीम वाले एपिसोड में, कॉमेडियन अपने निजी जीवन, परिवार, करियर और दोस्तों के संबंध में अपने पहले अनुभवों से जुड़ी कुछ दिल छू लेने वाली कहानियां साझा करेंगे। मशहूर कॉमेडियन मुबीन सौदागर भी इस विशेष एपिसोड में मेहमान के रूप में शामिल होंगे और कुछ मनोरंजक गैग्स के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

कॉमेडी के पॉवर हाउस, कुशल बद्रीके और हेमांगी कवि, प्रतिभाशाली अभिनेत्री आतिशा नाइक के साथ मिलकर 'कुशल की माँ' नामक स्किट पेश करेंगे, जिसमें कुशल बद्रीके हमेशा तनाव में रहने वाले 'नवरा' की भूमिका निभाएंगे, वहीं हेमांगी हाइपर 'बाइको' का और आतिशा कुशल की माँ का किरदार निभाएंगी। एक मासूम नवरा मैच देखते हुए अपनी छुट्टी का दिन बिताना चाहता है, लेकिन वह खुद को 'सास-बहू' के झगड़े के बीच में फंसा हुआ पाता है, जहां उससे पूछा जाता है कि उसे पहले किसकी बातों को प्राथमिकता देना चाहिए। यह स्किट हर तरह से मज़ेदार होने का वादा करता है, जो आपको हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर देगा!

इस आगामी गैग के बारे में बात करते हुए, कुशल बद्रीके कहते हैं, 'मैं इस आगामी गैग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह ऐसे परिदृश्य को लेकर एक मज़ेदार प्रस्तुति है, जिसे हर भारतीय विवाहित व्यक्ति महसूस कर सकता है, जहां बेचारा नवरा सिर्फ एक मैच देखना चाहता है, लेकिन सास-बहू के क्लासिक झगड़े के बीच में फंस जाता है। माँ और पत्नी की जरूरतों को संतुलित करने का संघर्ष कुछ ऐसा है, जिसे कई पुरुषों ने अपने दैनिक जीवन में अनुभव किया है। आतिशा नाइक जी और हेमांगी कवि के साथ दोबारा काम करने का अनुभव शानदार रहा; उनकी ऊर्जा सेट पर माहौल बना देती है।'

देखना न भूलें, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे', इस रविवार रात 9:30 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर!



# भाजपा अपनी हार देखकर बौखला रही है: सत्यपाल सिंह सिकरवार

## भाजपा ने 28 साल में मुरैना और श्योपुर का कोई विकास नहीं किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कांग्रेस पार्टी के मुरैना और श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने कहा है कि भाजपा अपनी हार देखकर बौखला रही है। इस कारण अनर्गल बातें कर रही है। मोदी की गारंटी झूठ का पुलंदा है। पानी ,बिजली और सड़क की समस्या के साथ ही आम आदमी मंहगाई,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान हैं । 20 साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है। विकास किस नाम की चिड़िया है,कहीं नजर नहीं आ रही है। युवाओं के जीवन से खिलवाड़ करने के लिए भाजपा सरकार अग्निवीर योजना लाई है। आज युवा वर्ग रोजगार के लिए इसलिए भटक रहा है,क्योंकि सरकार की नीतियां और नियत ठीक नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने आज कई गांव का दौरा करते हुए आम जनता से सीधा संवाद किया और कहा कि भाजपा



ओर मोदी की गारंटी झूंठ का पुलंदा है। दो करोड़ रोजगार देने ओर 15-15 लाख रुपए बैंक खाते में डालने के वायदे जुमले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसान, व्यापारी जीएसटी से परेशान हैं भाजपा नेता मस्त हैं और जनता त्रस्त है। नीटू सिकरवार ने कहा कि भाजपा संविधान खत्म करके गरीब,दलित आदिवासी और पिछड़े वर्ग का आरक्षण खत्म करना चाहती है।इसलिए भाजपा सांसद बार, बार संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। आज हर वर्ग मंहगाई ,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है, भाजपा इन मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती है। जिन बातों से जनता का कोई भला नहीं होने बाला है, ऐसी बातें भाजपा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया है।सिर्फ झूंठ बोलना ही भाजपा की आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता ने घर बैठाने का मन बना लिया है। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि जीवन की आखरी सांस तक आपकी सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। हम और आप हमेशा दुःख,सुख में एक दूसरे के साथ रहते हैं ओर हमेशा परिवार की तरह साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हम सब को एक परिवार की तरह युद्ध की तरह जीतना है। आपका आशीर्वाद ही मेरी ताकत ओर ऊर्जा है। जहां आपका पसीना बहेगा वहां नीटू अपना खून, पसीना बहा कर आपके मान,सम्मान की रक्षा करते हुए क्षेत्र के विकास और प्रगति को गति दूंगा।

# किसी ने नहीं किया क्षेत्र का विकास तो मजबूरी में हमने रखा राजनीति में कदम: रमेश गर्ग

## बानमोर में आयोजित बसपा की चुनावी जनसभा में उमड़ा जनसैलाब





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** हमारे क्षेत्र का कोई विकास अभी तक नहीं हुआ है। हमने सभी सरकारों को देख लिया। डबल इंजन वाली सरकार को भी परख लिया जब किसी ने भी विकास की दिशा में कदम नहीं उठाए तब हमें मजबूरी में राजनीति में उतरना पड़ा है। हमारा उद्देश्य केवल और केवल इस क्षेत्र का विकास करना ही है। यह बात बसपा प्रत्याशी रमेशचंद गर्ग ने बीती शाम बानमोर में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

बसपा प्रत्याशी गर्ग ने कहा कि अब हमने राजनीति में कदम रखा है और इसी उद्देश्य के साथ आए हैं कि यहां की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मैं अपनी क्षमता के अनुसार ही विकास के वायदे कर रहा हूं. ऐसे हवा-हवाई वायदे नहीं करता जिसे में पूरा नहीं कर सकूं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की जो भी बाते हम कह रहे हैं उसे पूरा करके ही दिखाएंगे। चुनावी सभा में रमेश गर्ग ने कहा कि अभी कुछ लोग यह भी कहते हैं कि भाजपा ने सेठजी को पैसे देकर चुनाव लड़वा दिया है तो मैं उन लोगों को बता देना चाहता हूं कि बड़े उद्योग चलाए हैं और हजारों करोड़ों का फायदा नुकसान देखा है, ऐसा कोई नहीं जो हमें खरीद सके बल्कि हम ऐसे 50 को खरीदने की हैसियत रखते हैं। सभा में गर्ग ने पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह का ज़िक्र करते हुए कहा कि 2003 में जब रुस्तम सिंह पहली दफा चुनाव लड़ने आए थे तब हमने उनका पूरा सहयोग किया जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई थी। गर्ग ने बताया कि रूस्तम सिंह ने हमारा यह एहसान इस बार मुझे बसपा से लोकसभा का टिकट दिलवाकर उतार दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने टिकिट देने से इंकार कर दिया था तब मेरे कहने पर रूस्तम सिंह व उनके पुत्र राकेश सिंह ने ही प्रयास करके बसपा का टिकिट मुझे दिलाया है। मंच से रमेश गर्ग ने उपस्थित जनसमुदाय से एक बार फिर वायदा किया कि राजनीति की शुरुआत बसपा से की है तो इस पार्टी में ही जीवनभर रहूँगा।

### रमेश गर्ग विकास कराएंगे इस बात की गारंटी हमारी: रुस्तम सिंह

बानमोर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह ने कहा कि रमेश गर्ग वाकई अन्य प्रत्याशियों के मुकाबले में काफी अलग और आपके लिए समर्पित हैं। दमदार और अपनी बात पर अड़ने वाले व्यक्ति हैं जो किसी से डरते भी नहीं है। उन्होंने उपस्थित लोगों में कहा कि उन्होंने क्षेत्र में इंडस्ट्रीज लगाने, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जो भी वायदे किए हैं उन्हें जरूर पूरा करेंगे। इस बात की गारंटी हम लेते हैं। उन्होंने कहा कि मायने ये नहीं रखता कि सरकार किसकी है यदि हमारा प्रतिनिधि दमदार होगा तो वह कैसे भी विकास कार्य करा ही लेगा।

## जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आज



**मुरैना।** मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मुख्य संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय, जिला न्यायाधीश श्री चन्द्रशेखर जायसवाल के मार्गदर्शन में 04 मई, 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन एडीआरभवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर मुरैना में किया जायेगा। आमजन से अपील है कि ऐसे इच्छुक व्यक्ति जो स्वेच्छा से अपना रक्तदान करना चाहते है। वे 04 मई 2024 को प्रातः 10:30 बजे एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर मुरैना में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में भाग ले सकते है।

## जैन मिलन महिला और जैन मिलन वर्धमान शाखा ने पशु पक्षियों के लिए की दाने पानी की व्यवस्था



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भगवान महावीर स्वामी के 2550 वे निर्वाण वर्ष एवं जैन मिलन के स्थापना दिवस पर जैन मिलन महिला और जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा मुरैना व्दारा जीव दया के उद्देश्य से पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था कर ज्ञान तीर्थ पर गौ शाला में गायों को चारा खिलाया गया। इससे पहले श्री भक्तामर का पाठ वाचन वीरांगना शालू जैन के निज निवास पर किया गया। आयोजन में सबसे पहले श्री महावीर प्रार्थना और णमोकार मंत्र के वाचन के बाद भक्तामर पाठ किया गया। उसके बाद जैन मिलन महिला मुरैना की अध्यक्षा वीरांगना सपना जैन ने, भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर सभी महिलाओं को पक्षियों के लिए दाना-पानी हेतु सकोरे वितरण किए गए। संयोजिका सरिता जैन ने सभी महिलाओं को संकल्प दिलाया की हम सब अपने अपने घरों में नित्य नियम से पक्षियों को दाना पानी रखेंगे और यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके बाद जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा ने ज्ञान तीर्थ पर गायों को चारा और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखा। साथ ही सभी वीरांगना बहनों ने भक्तिभाव से नृत्य किये। इस कार्यक्रम में श्रीरंगना रजनी जैन ने कहा कि आज हमने श्री महावीर प्रार्थना एवं णमोकार महामंत्र का पाठ करके विश्व कल्याण व सभी के निरोग हुआ स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की है। इसके साथ ही हमने यह प्रतिज्ञा की है कि हम अपने हृदय में पशु-पक्षियों के प्रति दया की भावना बनाए रखते हुए उनका पेट भरने के लिए भोजन व दाना पानी देने का हरसंभव प्रयास करेंगे। रजनी जैन ने कहा कि वह गायों के लिए भी चारा व रोटी की व्यवस्था में सहयोग करेंगे। इस मौके पर पेड़ों पर सकोरे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था और दाना डालकर खाने की व्यवस्था भी की गई और पशुओं एवं जानवरों को रोटी और चारा भी खिलाया गया। क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना सरिता जैन, वीरांगना रजनी जैन सहित अध्यक्ष सपना जैन, सचिव कल्पना जैन, ऊषा जैन,शालू जैन, श्वेता जैन, शीतल जैन, सीमा जैन, प्रीति जैन, बबीता जैन जैन मिलन वर्धमान की अध्यक्ष रुबी जैन, रीना जैन, निधी जैन, दीपाली जैन सभी सदस्य इस दौरान उपस्थित रहीं।

## पटवारी अपनी मां-बहन से पूछें उनमें कोई रस या चाशनी है या नहीं: रीति पाठक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना, 3 मई।** भाजपा की पूर्वमंत्री इमरती देवी को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सीधी विधायक रीति पाठक ने पटवारी पर तीखा हमला बोला है।



मुरैना प्रवास पर पहुंचीं विधायक रीति पाठक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लगातार हर चुनाव में प्रदेश एवं देश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। नाकामी और हताशा के कारण कांग्रेस नेताओं के अंदर में गंदा कीड़ा प्रवेश कर गया है। जिसका उनका मस्तिष्क बौखलाने लगा है। पूर्व मंत्री बहन इमरती देवी को लेकर जीतू पटवारी ने जिस प्रकार से अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, उसे मैं दोहरा भी नहीं सकती हूं। उनकी टिप्पणी को लेकर इतना जरूरी कहूंगी कि जीतू पटवारी किस तरह के रस की बात कर रहे है। वे अपने घर में अपनी मां-बहनों से चर्चा करके देखें कि जिस रस की बात वे इमरती देवी के लिए कर रहे है, वह रस या चाशनी उनकी मां-बहनों में है या नहीं। विधायक रीति पाठक ने कहा कि कांग्रेस की संस्कृति ही महिलाओं का अपमान और तिरस्कार करने वाली रही है। प्रेसवार्ता में उनके साथ पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया, भाजपा प्रवक्ता बृजगोपाल लोहिया, वरिष्ठ नेता मुकेश जाटव भी उपस्थित थे।

## मतदान कर सभी नागरिक लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें: अरविंद सिंह माहौर

### मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय सेवकों ने रैली निकाली

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखते हुए नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें जागरूक करने के लिए आज इलाके के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों आदि ने रैली निकाली।



रैली का समापन एसडीएम कार्यालय में हुआ, जहाँ रैली को संबोधित करते हुए एसडीएम अरविंद सिंह माहौर ने कहा कि सभी नागरिक मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कैसी भी परिस्थिति हो या मौसम प्रतिकूल हो मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। उन्हें आजादी के साथ ही मतदान करने का अधिकार मिला है। जबकि कई अन्य देशों में बहुत बाद में वहां के नागरिकों को मताधिकार प्राप्त हुए हैं। मतदाता मतदान दिवस पर बाहर निकलें और अपने आसपास के रहने वालों को भी मतदान के लिए जागरूक करें और स्वयं भी मतदान करें और उनसे भी करवाएं। इस मौके पर उपस्थित सभी शासकीय सेवकों एवं आमजनों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## हितकिशोर गुप्ता कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी द्वारा प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हितकिशोर गुप्ता को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि आप मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अपने मनोनयन पर श्री गुप्ता ने संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है, वहीं उनके मनोनयन पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।

## पुलिस अधिकारी वल्नरेवल क्षेत्रों में पहुंचकर भय मुक्त होकर मतदान करने के लिये कर रहे अपील



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 03 मई को दिमनी विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबल मतदान केन्द्र क्रमांक 43 माध्यमिक विद्यालय कचनौधा के ग्राम भकरौली के पीड़ित परिवारों से संपर्क किया। उन्हें भय मुक्त होकर मतदान करने के लिये कहा। इस दौरान उनकी समस्याओं से रूबरू हुए तथा उन्हें आश्वासन दिलाया कि पुलिस एवं प्रशासन आपके साथ है। आप बिना किसी लोभ-लालच और भय के मतदान करें तथा किसी भी समस्या के लिए दूरभाष क्रमांक 7587617600 पर संपर्क करें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। साथ ही उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

## पीले चावल और आमंत्रण पत्र देकर किया 7 मई को मतदान करने के लिये आमंत्रित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जौरा विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है। 03 मई को नगर जौरा के समस्त वार्डो में लोकतंत्र का महापर्व सामान्य निर्वाचन 2024 लोकसभा आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल देकर मतदाताओं को 7 मई 2024 मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। ''जौरा वोट करेगौ'' एवं सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारो के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। जिसमें नगर पालिका परिषद के कर्मचारी शामिल हुए।

## वरिष्ठ नागरिक सह पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक कल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** वरिष्ठ नागरिक सह पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक का आयोजन कल 5 मई रविवार को होगा। यह बैठक वाटरवर्क्स कॉलोनी स्थित अभ्युदय आश्रम में होगी। संगठन के अध्यक्ष जेपी कौशिक एवं मीडिया प्रभारी छोटल्ली शर्मा ने बताया कि इस बैठक में मई के महीने में जन्मदिन वाले पेंशनर्स का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन को लेकर चर्चा, पेंशनर्स फोरम के निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा, वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से भेंट करने को लेकर चर्चा की जाएगी।

# जानिए पंचक का महत्व, सालभर कब से कब तक आयेंगे पंचक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पंचक क्या होते हैं, ये साल में कब आते हैं और इनका क्या महत्व है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. हुकुमचंद जैन के अनुसार, चन्द्र ग्रह का धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद तथा रेवती नक्षत्र में भ्रमण काल पंचक काल कहलाता है, नक्षत्रों के मेल से बनने वाले विशेष योग को 'पंचक' कहा जाता है।

हर महीने में 27 दिनों के अंतराल पर पंचक नक्षत्र का चक्र बनता रहता है। चंद्रमा 27 दिनों में सभी नक्षत्रों का भोग कर लेता है, एक राशि में चंद्रमा ढाई दिन और दो राशियों में चंद्रमा पांच दिन रहता है। इन पांच दिनों के दौरान चंद्रमा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती नक्षत्र से गुजरता है और इस कारण ये पांचों दिन पंचक कहलाते हैं।

पंचक 5 प्रकार के होते हैं। शास्त्रों में वार के हिसाब से पंचक के नाम का निर्धारण किया जाता है। हर पंचक का अलग-अलग अर्थ और प्रभाव है।

**किस वार को लगने पर क्या नाम होता है?**

रविवार - रोग पंचक
सोमवार - राज पंचक
मंगलवार - अग्नि पंचक
शुक्रवार - चोर पंचक
शनिवार - मृत्यु पंचक

**आगे कब-कब लगेंगे पंचक**

मई में पंचक लगने का समय 2 मई, गुरुवार दोपहर 02:32 है और इसका समापन 06 मई, मंगलवार रात 05:43 मिनट पर हो जाएगा।

जून में पंचक की शुरुआत 26 तारीख, बुधवार सुबह 01:49 मिनट से होगी और पंचक का समापन 30 जून, रविवार सुबह 07:34 पर हो जाएगा।

जुलाई 23 जुलाई, मंगलवार की सुबह 09:20 पर एकबार फिर पंचक लग जाएंगे।

जुलाई में पंचक का अंत 29 जुलाई, शनिवार दोपहर 01:00 बजे हो जाएगा।

अगस्त के महीने में 19 अगस्त, सोमवार शाम 7:00 बजे पंचक लग जाएंगे और 23 अगस्त, शुक्रवार शाम 07:54 मिनट पर पंचक खत्म होंगे।

सितंबर 16 सितंबर, मंगलावर को शाम 05:44 मिनट पर पंचक लगेंगे और 20 सितंबर, शुक्रवार सुबह 05:15 मिनट पर पंचक खत्म होगा।

अक्टूबर में 13 अक्टूबर, रविवार दोपहर 3:44 मिनट पर पंचक शुरू होगा और 17 अक्टूबर, गुरुवार शाम 04:20 पर पंचक खत्म हो जाएगा।

नवंबर महीने में पंचक 9 नवंबर, शनिवार रात 11:27 मिनट पर लग जाएगा और 14 नवंबर, गुरुवार सुबह 03:11 मिनट पर खत्म होगा।

दिसंबर साल के अंत में 7 दिसंबर, शनिवार सुबह 05:07 पर पंचक लगेगा और इसका अंत 11 दिसंबर, बुधवार सुबह 11:48 पर हो जाएगा।

**पंचक के पांच नक्षत्र में कार्य प्रारम्भ करने से ये हानि होना संभव है**

1.धनिष्ठा नक्षत्र में अग्नि का भय रहता है।
2. शतभिषा नक्षत्र में कलह होने की संभावना रहती है।
3. पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में रोग बढ़ने की संभावना रहती है।
4. उतरा भाद्रपद में धन के रूप में दंड होता है।
5. रेवती नक्षत्र में धन हानि की संभावना रहती है।

**पंचक में इन कार्यो को करने से बचना चाहिए**

1. लकड़ी एकत्र करना या खरीदना या पलंग बनाना फर्नीचर लगाना।
2. मकान पर लकड़ी लोहे की छत डलवाना
3. दाह संस्कार (शव जलाना) में कुछ विशेष क्रिया करके ही करना।
4. चारपाई बनवाना कंड़े, काष्ट घर लाकर इकट्ठा करना।
5. दक्षिण दिशा की ओर यात्रा करना।
6. अन्य कोई भी शुभ और मांगलिक

# स्वीप की गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के लिये चम्बल संभागायुक्त ने किया दल गठित

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुये आयुक्त चम्बल संभाग संजीव कुमार झा ने स्वीप की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये पर्यवेक्षण कार्य के लिये संभागीय अधिकारियों का दल गठित किया है।

आयुक्त चंबल संभागायुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना के लिये सहकारिता की संभागीय आयुक्त सुश्री अनीता उइके और शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना के प्राचार्य मनोज सक्सेना, एमपीयूडीसी परियोजना संचालक केके शर्मा और आयुक्त कार्यालय के एडीईओ श्रीमती उत्तरा रावत को नियुक्त किया है। इसी प्रकार भिण्ड जिले के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक डीके सिद्धार्थ, स्कूल शिक्षा विभाग के संभागीय अधिकारी सहायक संचालक श्रीमती प्रेमलता सोन, सीडीओपीआरओ श्रीमती सोनिका शर्मा और सहायक परियोजना प्रबंधक चम्बल संभाग बलवीर सिंह सिकरवार को नियुक्त किया है। श्योपुर जिले के लिये सहायक अनुसंधान अधिकारी रमेश सिंह तोमर, सहायक परियोजना प्रबंधक रजनीश देवेश और एडीईओ आयुक्त कार्यालय की श्रीमती शकुंतला त्यागी को नियुक्त किया है। ये अधिकारी, कर्मचारी स्वीप प्लान के अंतर्गत सतत् संपर्क स्थापित कर जानकारी उप संचालक अशोक निम को उपलब्ध करायेंगे। उप संचालक संपूर्ण जानकारी को एकजाई कर अपर आयुक्त चंबल संभाग अशोक कुमार चौहान को प्रस्तुत करेंगे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2024 — **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** — मुरैना, दिनांकः- 03.05.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैः-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 332/28 नया वार्ड 32 | श्रीमती मीना शर्मा पत्नी सियाराम शर्मा निवासी- केशव वाली गली गणेशपुरा मुरैना | श्रीमती गीता पत्नी स्व. रामबरन, धर्मवीर, जयवीर, उदयवीर, प्रीती पुत्रगण/पुत्री स्व. रामबरन | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा के आधार पर |
| 2 | भ.क्र. 201/21 नया वार्ड 23 | उदय सिंह डण्डोतिया पुत्र लक्ष्मीनारायण डण्डोतिया, निवासी- मुरैना | लक्ष्मीनारायण डण्डोतिया पुत्र स्व. दामोदर प्रसाद डण्डोतिया | विक्रय पत्र के आधार पर |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 30 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**वास्ते सहायक आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए परिवारीजन कर रहे हैं जनसंपर्क, उनका प्रतिद्वंदी अकेला पड़ा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए उनके परिजन सघन जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं। उनके समर्थन में उनकी धर्मपत्नि प्रियदर्शनी राजे और सुपुत्र महाआर्यमन सिंधिया ने भी जमकर पसीना बहाया है। शिवपुरी गुना और अशोकनगर में सिंधिया रोड शो भी कर चुके हैं। उनके समर्थन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और शिवराज सिंह चौहान की सभाऐं भी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा भी संसदीय क्षेत्र में होने जा रही है। श्री सिंधिया की तुलना में राव यादवेन्द्र सिंह की पहचान अशोकनगर और मुंगावली तक ही सीमिति नजर आ रही है। राव यादवेन्द्र सिंह के पिता राव देशराज सिंह मुंगावली से विधायक रहे हैं और 2001 में संसदीय क्षेत्र में हुए उप चुनाव में वह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बुरी तरह पराजित हुए थे। उनकी हार





का अंतर 4 लाख से अधिक मतों से था। अपने पिता के निधन के बाद राव यादवेन्द्र सिंह अपनी माँ बाई साहब यादव और भाई अजय सिंह के साथ कांग्रेस में चले गए थे। हालांकि बाद में उनकी माँ और भाई भाजपा में वापस लौट आए लेकिन यादवेन्द्र सिंह कांग्रेस में ही बने रहे। उनके प्रचार से उनकी माँ और भाई ने दूरी बना रखी है। श्री सिंधिया को जहां अपने पूरे परिवार का सहयोग मिल रहा है वहीं पारिवारिक रूप से राव यादवेन्द्र सिंह अकेले पड़े हुए हैं। शिवपुरी जिले की तीन विधानसभा सीटों में सिर्फ पूर्व विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी कोलारस में उनके प्रचार में नजर आ रहे हैं। जबकि अन्य पार्टी नेता सिर्फ मुंह दिखाई की रस्म अदा कर रहे हैं। पार्टी संगठन भी उनके प्रचार में कहीं नजर नहीं आ रहा। कई कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी छोड़ चुके हैं और वह भाजपा में शामिल हो कर ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रचार कर रहे हैं। इन नेताओं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र जैन, पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता और राकेश जैन आमोल, पूर्व जनपद अध्यक्ष पारम रावत आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। कांग्रेस के पक्ष में कोई बड़ी सभा भी अभी तक नहीं हुई है। हालांकि ग्वालियर चम्बल संभाग में ग्वालियर और मुरैना की सीटों पर प्रचार हेतु राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की सभाऐं हो चुकी हैं। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने ऐसा लगता है कि गुना सीट पर भाजपा प्रत्याशी को बाकऑवर दे दिया है।

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज जौरा व सबलगढ़ आयेंगे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज 04 मई को मुरैना आयेंगे। श्री



शुक्ल भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में मत मांगेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया कि डिप्टी सीएम श्री शुक्ल आज 04 मई को मुरैना के जौरा व सबलगढ़ पहुंचेंगे। इनके द्वारा दोपहर 12 बजे जौरा में, तत्पश्चात् सबलगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की जायेगी। श्री शुक्ल द्वारा भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में मतदाताओं से वोट मांगे जायेंगे। श्री भदौरिया ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के स्टार प्रचारक सुरेश पचौरी कल आयेंगे



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री व भाजपा के स्टार प्रचारक सुरेश पचौरी कल 05 मई को मुरैना आयेंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री पचौरी प्रातः 7:30 बजे जबलपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस से मुरैना आयेंगे। प्रातः 11 बजे उनके द्वारा सुमावली विधानसभा क्षेत्र की एक बैठक श्रीराम गार्डन में ली जाएगी। उक्त बैठक का आयोजन मंत्री ऐदल सिंह कंषाना द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ श्री पचौरी अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे। रात्रि 8 बजे राजधानी एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना हो जायेंगे।

## सांसद नवीन जैन का जैन समाज द्वारा किया जायेगा अभिनंदन

***जैन मंदिर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का होगा शपथ ग्रहण समारोह***

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** राज्यसभा सांसद नवीन जैन के 04 मई को मुरैना आगमन पर जैन समाज मुरैना द्वारा उनका भव्य स्वागत सम्मान किया जायेगा। श्री यंग दिगम्बर जैन फाउंडेशन के महामंत्री रमाशंकर नायक



द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के पश्चात नवीन जैन का प्रथमवार मुरेना आगमन हो रहा है । उनके प्रथम नगरागमन पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य सम्मान किया जायेगा। इस दौरान सांसद नवीन जैन साधर्मी बंधुओं से संवाद एवं चर्चा भी करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर कमेटी मुरेना के नव निर्वाचित प्रबंधकारिणी को सांसद नवीन जैन शपथ ग्रहण कराएंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अथिति अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन एवम अध्यक्षता राजेंद्र भंडारी अध्यक्ष टिकटोली होंगे। ज्ञान सागर सेवा सदन मुरेना में शाम 08 बजे आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य श्रेष्ठी वर्ग के साथ साथ महिलाएं एवं युवा साथी भी बहुतायत संख्या में उपस्थित रहेंगे। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी मुरैना ने सभी बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# पूर्व मंत्री इमरती देवी ने कराई जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर

**ग्वालियर।** पूर्व मंत्री इमरती देवी पर दिए गये विवादित बयान के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पूर्व मंत्री इमरती देवी की शिकायत पर डबरा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं जीतू पटवारी के विवादित बयान के बाद मध्यप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं बैतूल के घोड़ाडोंगरी में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटवारी को काले झंडे दिखाए। उधर इंदौर में बीजेपी की महिला कार्यकर्ता जीतू के घर पर चूड़ियां लेकर पहुंचीं। पूर्व मंत्री इमरती देवी के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिये गये विवादित बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है और शुक्रवार को पूर्व मंत्री इमरती देवी ने डबरा थाने में जीतू पटवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीते रोज पटवारी का एक विवादित वीडियो सामने आया था। इसमें वे पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में हंसते



हुए वह कह रहे हैं, देखो ऐसा है, अब इमरती जी का रस खत्म हो गया है। जो अंदर चाशनी होती है...उनके लिए अब मैं कुछ बात नहीं कर रहा। जीतू का 16 सेकेंड का ये वीडियो ग्वालियर का बताया जा रहा है। वे गुरुवार रात कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा से मिलने उनके घर पहुंचे थे। इसके बाद मीडिया से बात की थी। जीतू इससे पहले मुरैना में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल हुए थे। प्रियंका कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल नीटू सिकरवार के समर्थन में सभा करने आई थीं। मामले के तूल पकड़ने के बाद जीतू ने ट्वीट कर इमरती को अपनी बड़ी बहन जैसी कहा। उधर जीतू के बयान पर इमरती देवी ने कहा, जीतू के खिलाफ उन्होंने डबरा थाने में शिकायत की है। अब अगर वे माफी भी मांगते हैं, तब भी हम नहीं बदलेंगे। इमरती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जीतू पटवारी का प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा लेने की मांग भी की है।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण कार्यशाला आज

ग्वालियर। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा ग्वालियर के होटल रॉयल इन सिटी सेंटर में शनिवार को एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है । इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाली संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के डायरेक्टर भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता विवि. के कुलपति प्रो. डॉ. के.जी.सुरेश करेंगे। एएसआई विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में ग्वालियर संभाग के अशोकनगर, दतिया, गुना, शिवपुरी जिले एवं चंबल संभाग के भिंड, मुरैना, श्योपुर जिले के संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के निदेशक भाग लेंगे। कार्यशाला में निदेशकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एआईसीटीई, यूजीसी, प्रवेश और परीक्षा नियम इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# दिमनी पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को 24 घण्टे में धर दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** दिनांक 02.05.2024 को फरियादी रवि प्रजापति पुत्र स्व. राजेन्द्र सि प्रजापति उम्र 27 वर्ष निवासी जखौनागढ़ी ने अपने भाई संजू प्रजापति के साथ थाना दिमनी पर उपस्थि होकर रिपोर्ट की थी कि दिनांक 20.04.2024 के सुबह करीबन 07 बजे फरियादी के कपड़े धौकर अरगनी पन सूखने हेतु डाले थे, तभी उसके चाचा रामनिवास प्रजापति व चचेरा भाई धर्मेन्द्र प्रजापति वहां पर लाठिया लेकर आ गए एवं उक्त अरगनी पर सूख रहे कपड़ों को फेंक दिया। जब फरियादी द्वारा कपड़े फेंकने के लिए मना किया गया तो आरोपीगण द्वारा उससे व उसके पिता से गाली-गलौच कर लाठी-डंडों से फरियादी व उसके पिता के सिर पर प्रहार किया एवं मारपीट की गई, जिससे उसे व उसके पिता को काफी चोट आई, जिसका इलाज फरियादी पक्ष द्वारा मुरैना एवं ग्वालियर में प्राइवेट अस्पताल में कराया गया। इलाज के दौरान दिनांक 01.05.2024 को फरियादी के पिता राजेन्द्र सिंह प्रजापति की मृत्यु हो गई। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना दिमनी पर अपराध क्रमांक 108/2024 अंतर्गत धारा 302,



323, 294, 34 ताहि का नामजद आरोपीगण रामनिवास प्रजापति पुत्र समोखन प्रजापति उम्र 50 साल व धर्मेन्द्र प्रजापति पुत्र रामनिवास प्रजापति उम्र 24 साल निवासीगण जखौनागढ़ी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा उक्त घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रकरण पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण के आरोपीगणों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं अपराध सदर में प्रयुक्त आलाजरर लाठियों की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी दिमनी को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन व विजय सिंह भदौरिया, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जिला मुरैना के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत थाना प्रभारी दिमनी द्वारा उक्त अपराध सदर के आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके परिणाम स्वरूग आज दिनांक 03.05.2024 को जरिए विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जखौनागढ़ी में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपीगण को थोगापुरा नहर की पुलिया के पास कहीं देखा गया है एवं आरोपीगण वहां से कहीं भाग जाने की फिराख में है। मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी दिमनी द्वारा मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर रवाना होकर दबिश दी गई तो उक्त आरोपीगण पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से घेरकर पकडा एवं आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनसे अपराध में प्रयुक्त आलाजरर लाठियां बरामद की गई।

***सराहनीय भूमिका***

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत थाना प्रभारी दिमनी मय उनि सौरभ पुरी, सउनि रामेश्वर दयाल, आरक्षक रूपेश सिकरवार, लोकेन्द्रसिंह, अजय गुर्जर, प्रवीण मलिक, रामानंद यादव, मुकेश जाट की सराहनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने डिजिटल लाइब्रेरी पहुँचकर छात्रों से की चर्चा

ग्वालियर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग हर व्यक्ति को करना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शुक्रवार को सेंट्रल लाइब्रेरी महाराज बाड़ा के अवलोकन के अवसर पर लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए यह बात कही।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कहा कि जीवन में उन्नति का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कड़ी मेहनत और सच्ची लगन ही प्रगति को प्राप्त करने का एक मात्र उपाय है। सभी विद्यार्थी पूरी लगन और लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि



लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मतदान दिनांक 7 मई को होगा। सभी विद्यार्थी स्वयं भी मतदान करें और अपने परिवार, दोस्तों, परिचितों को भी मतदान करने के लिये प्रेरित करें। मतदान हम सबका मौलिक अधिकार है और इसका उपयोग हमें अवश्य करना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन भी किया। स्मार्ट सिटी के माध्यम से विकसित की गई इस लाइब्रेरी में लगभग एक लाख 60 हजार महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिसमें से लगभग 60 हजार पुस्तकों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। शेष पुस्तकों के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी किया जा रहा है।

सेंट्रल लाइब्रेरी के प्रबंधकों ने बताया कि विद्यार्थियों के लिये यहां सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हैं। लगभग 150-200 बच्चे प्रतिदिन लाइब्रेरी में अध्ययन करने आते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में पढ़ने की सुविधा के साथ-साथ घर पर पुस्तक ले जाने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके लिये विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस मौके पर सेंट्रल लाइब्रेरी में उपलब्ध संविधान की मूल प्रति का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान जानकारी ली कि कौन छात्र किस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

# महाप्रभु वल्लभाचार्य का 547वां प्राकट्य उत्सव आज से

ग्वालियर। जगतगुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य का 547वां प्राकट्य उत्सव 4 से 7 मई तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर बड़ी संख्या में बगलबंदियां मंगाई गई हैं। इन बगलबंदियों को धारण कर पुष्टिमार्गीय वैष्णव समाज के लोग पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही शनिवार 4 मई को प्रभात फेरी में शामिल होंगे। प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं पीले परिधानों में रहेंगी। अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल एवं महामंत्री मोहनदास अग्रवाल ने बताया कि कोटा से आए वैष्णव आचार्य शरद कुमार महाराज का स्वागत किया गया। वहीं शनिवार 4 मई को सुबह 6 बजे गिर्राज धर्मशाला से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी महाराज बाड़ा, सर्राफा, पारख जी का बाड़ा होते हुए दौलतगंज पहुंचेगी। इसके बाद श्रीनाथ जी की हवेली में तिलक आरती होगी। वहीं शाम को कुनवारा महोत्सव होगा



और तिलक आरती होगी। पांच मई को सुबह पालना मनोरथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सराफा बाजार स्थित श्रीनाथ जी की हवेली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 5 बजे से 6 बजे तक लिखित प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी। वहीं गिर्राज धर्मशाला में शाम 6 बजे से महाराज श्री के वचनामृत (कृष्णाश्रय) होंगे। छह मई को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को शरद कुमार द्वारा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे से आयोजित किया जाएगा। शाम 6 बजे से गिर्राज धर्मशाला में महाराज श्री के वचनामृत (कृष्णाश्रय) होंगे।

सात मई को शाम 4 बजे से महाराजश्री के वचनामृत (कृष्णाश्रय) होंगे। इसके बाद प्रभु को केसर स्नान कराया जाएगा। उसके बाद तिलक आरती की जाएगी। इस अवसर पर जमुनादास नागर, कुम्भन अग्रवाल, मुरली मनोहर अग्रवाल, परमानन्द अग्रवाल, हरिश्याम अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल पप्पू, राजेश सोनी, पुष्पा रस्तोगी, सीता नाहर, ममता गोयल, अमिता दवे, कुंजलता अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, गोविन्द जौहरी, मदनलाल राठी, लक्ष्मणदास सिंहल, रामनारायण शर्मा, सौरभ माहेश्वरी, आनंद रंगवाले, पुरुषोत्तम सिंहल, अनुभव सिंहल, प्रणय सिंहल, यमुनेश नाहर, नवनीत अग्रवाल, उदित मंगल, राजीव गर्ग, अंकित खण्डेलवाल सहित अन्य वैष्णवजन उपस्थित रहे।

# अंगुली पर वोट डालने का निशान दिखाने पर मिलेगा डिस्काउण्ट

**ग्वालियर** । लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने में सहयोग के लिए शहर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान भी आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में शहर के प्रतिष्ठित गहना ज्वैलर्स ने मतदाताओं को गहनों की खरीदी में आकर्षक छूट देने की घोषणा की है। जो मतदाता अपनी अंगुली पर लगे वोट डालने के निशान को दिखायेंगे उन्हें गहना ज्वैलर्स द्वारा 7 से 9 मई तक सोने की ज्वैलरी निर्माण के खर्च में 10 प्रतिशत




डिस्काउण्ट दिया जायेगा। साथ ही डायमण्ड ज्वैलरी की खरीदी में भी गहना ज्वैलर्स इतनी ही छूट देगा।

इसी तरह शहर के विभिन्न मिष्ठान भण्डारों ने मतदान करके आए लोगों को डिस्काउण्ट देने का निर्णय लिया है। माधौगंज स्थित श्रीराम दावेली सेंटर पर मतदान करने के बाद जो लोग दाबेली खरीदने आयेंगे उन्हें 15 प्रतिशत डिस्काउण्ट मिलेगा। इसी तरह बहादुरा स्वीट्स, उदयपुर वाला स्वीट्स, बंशीवाला मिष्ठान, भोलाराम मिष्ठान, श्रीराम मिष्ठान भण्डार, चौरसिया पोहा सेंटर, एसएस कचौड़ी वाला, अग्रवाल मिष्ठान भण्डार, बालाजी मिष्ठान भण्डार व बंगाली भाई की दुकान पर वोट डालकर आए मतदाताओं को 10 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अलावा सागर जनरल स्टोर, ओबेरॉय जनरल स्टोर, ओम टेरीन सेंटर, भगत जी की साड़ी, संजय जनरल स्टोर व किशोर जनरल स्टोर ने भी अंगुली पर वोट डालने का निशान दिखाने वालों को 10 प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है।

## प्रधान अध्यापक को संभाग आयुक्त ने किया निलंबित

**ग्वालियर ।** संभागीय आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने प्रधान अध्यापक शासकीय माध्यमिक विद्यालय बालक ठाठीपुर शिवकुमार भदौरिया को 48 घंटे से अधिक जेल में रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में भदौरिया का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुरार रहेगा तथा उन्हें मध्यप्रदेश मूलभूत नियम 53 के तहत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्रधान अध्यापक शासकीय माध्यमिक विद्यालय ठाठीपुर के विरूद्ध थाना गोला का मंदिर में अपराध क्र.-565 20 भारतीय दण्ड विधान की धारा-420, 406 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। माननीय न्यायालय में पेश होने के बाद न्यायालय द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जेल में 48 घंटे से अधिक समय हो जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 (2) उप नियम दृ क के तहत संभागीय आयुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# मतदान केन्द्र देखने पहुँचे निर्वाचन प्रेक्षक आदित्य

**ग्वालियर।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व व ग्वालियर दक्षिण में स्थित क्रिटिकल मतदान केन्द्रों सहित लगभग एक दर्जन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये की जा रही तैयारियों की वस्तुस्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम झांसी रोड़ एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के एआरओ विनोद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी



मौजूद थे।

निर्वाचन प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्रिटिकल मतदान केन्द्रों समेत एमएलबी कॉलेज, सनातन धर्म मंदिर एवं केदारपुर में स्थापित मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। साथ ही ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अवाड़पुरा में स्थापित विभिन्न मतदान केन्द्रों सहित सामुदायिक भवन निम्बालकर की गोठ में बने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस विधानसभा क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। निर्वाचन प्रेक्षक कृष्णा आदित्य ने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष इंतजाम किए जाएँ। साथ ही इन मतदान केन्द्रों से जुड़े मतदाताओं को विश्वास दिलाएँ कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। प्रशासन और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिये पूरी तरह मुस्तैद है।




स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित, आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।